कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 383, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 18 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'मोदी को बदनाम करने की हो रही फंडिंग'

## अमेरिकी बिलेनियर जॉर्ज सोरोस के बयान पर कहा- यह लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश

**नई दिल्ली: केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेरिका के बिलेनियर कारोबारी जॉर्ज सोरोस के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए बयान को विदेशी साजिश बताया है। जॉर्ज सोरोस ने गुरुवार रात को म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल में कहा था कि भारत लोकतांत्रिक देश है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी लोकतांत्रिक नहीं हैं। उनके उनके तेजी से बड़ा नेता बनने की अहम वजह मुस्लिमों के साथ की गई हिंसा है। इस बयान पर स्मृति ने कहा कि विदेशी धरती से भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। यह भारत की डेमोक्रेसी में दखल देने की कोशिश है। उधर कांग्रेस ने भी जॉर्ज सोरोस के बयान की निंदा की है।

**स्मृति बोलीं- मोदी पर हमला करना जॉर्ज का एजेंडा:** स्मृति ईरानी ने आरोप लगाया कि जॉर्ज सोरोस ने ऐलान किया है कि वे हिन्दुस्तान में ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जो हिन्दुस्तान के हितों की नहीं उनके हितों की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि एक विदेशी ताकत ने ऐलान किया है कि वे भारत के लोकतांत्रिक ढांचे पर वार करेंगे और पीएम मोदी को हमले के सेंटर में रखेंगे। हर भारतीय को इसका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।



**अमेरिकी बिलेनियर ने कहा था- मोदी कमजोर होंगे:** म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल की मीटिंग में बोलते हुए अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस ने कहा कि भारत क्वाड का मेंबर है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान भी उसके साथ हैं। इसके बावजूद भारत रूस से बड़े डिस्काउंट पर तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है।

सोरोस ने कहा- स्टॉक मार्केट में अडाणी के शेयर ताश के पत्तों की तरह बिखर गए। मोदी को इस पर जवाब देना होगा, जिससे सरकार पर उनकी पकड़ कमजोर होगी। मैं अनाड़ी हो सकता हूं, लेकिन मैं भारत में फिर से लोकतंत्र के आने की उम्मीद कर रहा हूं।

### कौन है पीएम की आलोचना करने वाले जॉर्ज सोरोस?



**92 साल के** जॉर्ज सोरोस दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं। सोरोस एक यहूदी हैं, जिस वजह से सेकेंड वर्ल्ड वॉर के समय उन्हें अपना देश हंगरी छोड़ना पड़ा था। 1947 में वे लंदन पहुंचे। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में फिलोसोफी की पढ़ाई की। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक साल 16 सितंबर 1992 में ब्रिटेन की करेंसी पाउंड में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। जिसके पीछे जॉर्ज सोरोस का हाथ माना गया था। इसके चलते उन्हें ब्रिटिश पाउंड को तोड़ने वाला इंसान भी कहा जाता है। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए सोरोस ने कहा था कि दुनिया में राष्ट्रवाद तेजी से बढ़ रहा है। इसका सबसे खतरनाक नतीजा भारत में देखने को मिला है।

## भारत 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ा रहा आगे: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा है कि भारत लोगों के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ाने को लेकर प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने को काफी महत्व देता है।



प्रधानमंत्री एम्स ऋषिकेश के बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय के एक ट्वीट का जवाब दे रहे थे, जिसमें ड्रोन का ट्रायल रन किया गया था। एम्स ऋषिकेश से जिला अस्पताल, टिहरी गढ़वाल तक 30 मिनट में हवाई दूरी के लगभग 40 किमी (एक तरफ) को कवर करने के लिए टीबी दवाओं के 2 किलो भार का परिवहन करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, भारत लोगों के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने को बहुत महत्व देता है।

## जनता की परेशानियों से भाजपा सरकार को कोई लेना-देना नहीं : अखिलेश

**लखनऊ। समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जनसमस्याओं और लोगों की परेशानियों से भाजपा सरकार का कोई लेना देना नहीं है। आवारा पशुओं की समस्या भाजपा सरकार के आने के बाद ही विकराल हुई है परन्तु उसकी ओर कोई ध्यान नहीं है। आवारा पशु चलते-फिरते काल बन चुके हैं। सरकारी संवेदनहीनता के चलते रोजाना लोगों की जानें जा रही है। अन्ना पशुओं के चलते किसानों की फसलें रौंदी और बर्बाद होती जा रही हैं। रात-रात भर खेतों में रखवाली करने वाले किसान की तकलीफों पर कोई सुनवाई नहीं है। कितने किसान तो पिछले दिनों भीषण ठंड में जान गंवा बैठे। अभी शाहजहांपुर में एक युवक की सांड के हमले से मौत हो गई। जनपद के जलालाबाद में शादी से लौट रहे बाइक सवार सड़क पर बैठे छुट्टा जानवरों के झुंड से टकरा गया। इसी बीच एक सांड ने हमला कर दिया। इस जनपद में सन् 2018 से जनवरी तक आधे दर्जन से ज्यादा मौतें सांड के हमले से हो चुकी हैं। फिरोजाबाद में एक महिला की जान गई।



खुर्जा के साबितगढ़ गांव में खेत की रखवाली कर रहे किसान रामगोपाल (55 वर्ष) की सांड के हमले से दुःखद मौत हुई। संभल में एक परिवार के सभी लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। उत्तर प्रदेश की सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं के कारण रास्ते से गुजरने वालों, वाहन सवारों की जान खतरे में रहती है। रात में किसान खुद रखवाली न करे तो आवारा पशु उसकी फसल चर जाते हैं। आवारा घूमते सांड किसी पर हमला कर देते हैं। बहुत से लोग घायल हुए और बड़ी तादाद में मौते भी हो गई हैं। भाजपा सरकार इससे पूरी तरह बेपरवाह है। चिंता और क्षोभ की बात तो यह है कि सत्ता में बैठे लोग किसानों और आम जनता की तकलीफों के प्रति पूरी तरह आंख मूंदकर बैठ गए हैं। जनता को मरता छोड़ वे सत्तामद में डूबे हुए है। मुख्यमंत्री आश्वासन देते हैं और भूल जाते हैं। अधिकारी अब उनकी सुनते नहीं। इसीलिए आवारा पशुओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। अभी तक उसके नियन्त्रण और समाधान की दिशा में कोई कदम क्यों नहीं उठाए गए हैं?

## चीनी उद्योग नए भविष्य की ओर अग्रसर हो रही: योगी

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चीनी उद्योग की 120 वर्षों की यात्रा नए भविष्य की ओर अग्रसर हो रही है। हमारी चीनी मिलें केवल चीनी ही नही उगलेंगी, अब ग्रीन ईंधन का स्रोत बनने जा रही हैं। चीनी उद्योग के 120 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की पहली चीनी मिल 120 वर्ष पहले गोरखपुर मंडल के देवरिया में लगी थी। आज सबसे ज्यादा चीनी मिलें उत्तर प्रदेश में हैं। सबसे ज्यादा उत्पादन इसी प्रदेश में है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सबसे ज्यादा एथेनॉल उत्पादन करने वाला राज्य है। इसी को देखते हुए आज टोयटा ने अपनी एथेनॉल युक्त कार लॉन्च की। इसका एवरेज बैकअप



बेहतरीन है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है जिसने कोरोना संकट में हर जनपद में ऑक्सीजन प्लांट लगाए। आज उत्तर प्रदेश में 550 से अधिक ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ने की पर्चियों में शिकायतें खत्म हो गयी हैं। स्वयंसेवी महिला समूहों की महिलाएं आज स्वावलंबी हुई हैं। चीनी मिल नहीं होती तो गन्ना किसान प्रदेश से खत्म हो गया होता। हमारी सरकार ने खांडसारी उद्योग के लिए लाइसेंस फ्री किया है। वर्तमान में प्रदेश में 84 डिस्टलरी प्लांट चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीनी उद्योग की इस शानदार यात्रा को आगे जारी रखने की आवश्यकता है। अब तो एथेनॉल भी इसमें जुड़ चुका है। मेरी अपील है कि अन्नदाता किसान के जीवन में उन्नति लाने का प्रयास करना होगा। आज प्रदेश की 100 चीनी मिलें ऐसी हैं जिनमें गन्ना मूल्य का भुगतान समयबद्ध तरीके से हो रहा है। बाकी बची 17,18 मिलों को भी ऐसे ही कार्य करना चाहिए। अधिकारियों को नसीहत भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको अपने एटीट्यूड में बदलाव लाना होगा। अन्नदाता किसान खुश रहेगा तो प्रदेश उन्नति करेगा। किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए प्रधानमंत्री के सिद्धांत को उत्तर प्रदेश ने अमल किया है। हमने पिछले छह वर्षों में गन्ना किसानों को एक लाख 97 हजार करोड़ रुपये गन्ना मूल्य का भुगतान किया है।

## अडानी मामले पर नहीं तो जांच होने दें केंद्र: पायलट

**बेंगलुरु: अदाणी** मामले में केंद्र सरकार को घेरने के लिए विपक्षी नेता आए दिन हमलावर होते जा रहे हैं। संसद में राहुल गांधी के सवालों से मिली संजीवनी के बाद कांग्रेस के कई नेता अब अदाणी मामले पर प्रधानमंत्री मोदी को ही सीधे टारगेट कर रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस नेता सचिन पायलट कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। पायलट ने कहा कि संसद में जब हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ।

## चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को माना असली शिवसेना



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े को असली शिवसेना माना है। आयोग ने शुक्रवार को एकनाथ शिंदे गुट को पार्टी का नाम शिवसेना और चुनाव चिह्न तीर-कमान सौंप दिया। इसके बाद अब उन्हें पहले से दिए गए बालासाहेबंची शिवसेना और दो तलवार एवं ढाल के साथ दिए गए चुनाव चिह्न को फ्रीज कर दिया गया है। वहीं महाराष्ट्र में चिंचवड़ और कस्बा पेठ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव तक के लिए उद्धव ठाकरे गुट आयोग की ओर से दिये गये नाम शिवसेना (उधव बालसाहेब ठाकरे) और जलती मशाल चुनाव चिह्न का इस्तेमाल कर सकता है। चुनाव आयोग ने अपने निर्देश में पाया है कि 2018 में संशोधित शिवसेना का संविधान आयोग की जानकारी में नहीं है। चुनाव आयोग के आग्रह पर स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे द्वारा लाए गए 1999 के पार्टी संविधान में लोकतांत्रिक मानदंडों को पेश करने के कार्य को संशोधनों ने पूर्ववत कर दिया था। यह पार्टी को जागीर जैसा बना रहा है। आयोग ने कहा है कि आवेदनकर्ता (शिंदे गुट) को जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधान 29ए तहत 2018 के संविधान में संशोधन करना होगा ताकि आंतरिक लोकतंत्र तैयार किया जा सके। आयोग ने संसद, महाराष्ट्र विधानमंडल में दोनों गुटों के सांसदों एवं विधायकों के मिले समर्थन का विश्लेषण कर पाया कि शिंदे गुट के साथ अधिक लोकप्रतिनिधि हैं।

## भारत में ट्विटर के दो दफ्तरों पर लगा ताला

**नई दिल्ली:** लोकप्रिय सोशल मीडिया साइट ट्विटर ने भारत स्थित दो दफ्तरों को बंद कर दिया। कंपनी ने कर्मचारियों को घर से काम (वर्क फॉर्म होम) करने को कहा है। ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने भारत में कंपनी के तीन में से दो दफ्तरों को बंद करने का निर्देश लिया। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ट्विटर के अधिग्रहण के बाद खर्चों में कटौती के लिए कई अहम बदलाव कर रहे हैं। कंपनी ने इसी के तहत भारत स्थित ट्विटर के तीन में से दो दफ्तर को बंद करने का फैसला किया है। दरअसल मस्क ने ट्विटर को खरीदने के बाद कई बदलाव किए हैं, जिसमें अब ट्विटर ने अपने दिल्ली और मुंबई दफ्तर को बंद करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल ट्विटर ने भारत में अपने 90 फीसदी यानी लगभग 200 कर्मचारियों को निकाल दिया था।

## दुनिया भारत को अवसरों की भूमि के रूप में देखती है: अनुराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार शाम अपने आवास पर 'ऑपरेशन गंगा (डायरी ऑफ ए पब्लिक सर्वेंट)' नामक किताब का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक क्षमताओं पर जोर देते हुए कहा कि आज हम विश्व से मदद नहीं मांगते बल्कि दुनिया भारत को अवसरों की भूमि के रूप में देखती है। उन्होंने कहा, "ऑपरेशन गंगा, कोरोना काल व अफगानिस्तान संकट में वहां फंसे सभी भारतीयों को भारत वापस लाया गया। सिर्फ भारतीयों की हीं नहीं हमने अन्य





देशों की भी मदद की है। यूक्रेन में फंसे 18 देशों के 147 नागरिकों को भी हमने बचाया। सूचना प्रसारण मंत्री ने ऑपरेशन गंगा में मदद करने वाले सामाजिक संगठनों, प्रवासी भारतियों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों, भारतीय कॉर्पोरेट हाउसेस के प्रयासों व सहयोगों की भी सराहना की। अंत में सीरिया, लीबिया, अफगानिस्तान व नेपाल में भारतीय मदद व रेस्क्यू ऑपरेशन्स की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जहां दुनिया के बड़े से बड़े देशों के पसीने छूट जाते थे, वहां भारत ने शानदार कार्य किया। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की मोदी जी की बात दुनिया को कोरोना काल में समझ आयी।

भारत ने दुनिया के 101 देशों को 29 करोड़ वैक्सीन दिए। 190 देशों को पीपीइ किट व अन्य उपकरण दिए गए। केंद्रीय मंत्री ने पुस्तक के लेखक, मध्य प्रदेश कैडर के 2009 बैच के आईएएस अधिकारी तरुण पिथोड़े के प्रयासों की सराहना की और कहा की ऐसे संस्मरण आगे चल कर डाक्यूमेंट्री बनाने में भी मददगार साबित होते हैं।

### व्यापार मंडल एवं आटो चालक संघ के साथ अपर नगर आयुक्त ने की बैठक

## जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अफसर जुटे, तैयारियां शुरू

**वाराणसी: विश्व की** 20 प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले देशों (जी-20) के पांच शिखर सम्मेलन वाराणसी में होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां चल रही है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त/ नोडल अधिकारी सुमित कुमार ने विभिन्न व्यापारी संगठनों और आटो चालक संघ के पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से अतिक्रमण, पार्किंग, वेंडिंग जोन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा कर अपर नगर आयुक्त ने व्यापारी संगठनों से सुझाव मांग सहयोग की अपेक्षा की । संगठनों के पदाधिकारियों ने पूर्ण सहयोग देने का





आश्वासन दिया। बताते चले जी-20 सम्मेलन को सफल एवं वाराणसी नगर को व्यवस्थित एवं सुन्दर बनाने के लिये नगर निगम प्रमुख व्यापारिक संगठनों के साथ बैठकें कर रहा है। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में आज बैठक की। बैठक में व्यापार संगठन के अजित सिंह बग्गा, रूबी खान, गुड्डू खान, प्रभाकर सिंह, पूर्वान्चल ठेला पटरी संघ के अध्यक्ष नताशा तनेजा, गुमटी संघ एवं टेम्पो एसोसिएशन के ईश्वर सिंह, सोनीकांत आदि की उपस्थिति रही।

## अडाणी-हिंडनबर्ग: सुप्रीम कोर्ट कमेटी बनाएगी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट्स के नाम सीलबंद लिफाफे में लेने से इनकार कर दिया है।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट के कहने पर सरकार केस की जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने को तैयार हो गई थी। उस समय सरकार ने एक्सपर्ट्स के नाम सीलबंद लिफाफे में देने की पेशकश की थी। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह केस की जांच में ट्रांसपेरेंसी चाहता है। लिहाजा केंद्र का सुझाव नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा- आपने जो नाम सौंपे हैं, वह दूसरे पक्ष को नहीं दिए गए तो पारदर्शिता की कमी होगी। इसलिए हम अपनी तरफ से कमेटी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम आदेश सुरक्षित रख रहे हैं।



**अडाणी-हिंडनबर्ग केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं 4 याचिकाएं:** इस मामले में अभी तक 4 जनहित याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### मकान निर्माण कार्य को लेकर मारपीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मकान के निर्माण कार्य को लेकर विपक्षी लाठी डंडा ले कर टूट पड़े महिलाओं व पुरुषों को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया पुलिस ने भुक्त भोगी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चमरू पुर गांव निवासी अमरजीत पुत्र रामलाल का आरोप है कि वह अपने जमीन पर मकान निर्माण करवा रहा है आरोप है कि विपक्षी प्रेमचंद, जगन्नाथ, रामअचल आदि आ गए और निर्माण कार्य को रोकने लगे विरोध पर मारपीट करने लगे बीच-बचाव करने महिलाएं पहुंची तो उनका भी बाल उखाड़ कर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में जम कर हुई मार पीट में कई जख्मी हुए है। पुलिस ने दस के खिलाफ के मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बाकाजलाल पुर गांव निवासी नाजिम अली पुत्र मोहम्मद इदरीश काआरोप है कि पुरानी रंजिश एक राय हो कर गांव के ही मुजीब, उवैद, अख्तर, जुम्मन, सलमान,अब्दुल , रहीम, मुबीन,एजाज व सईद उद्दीन लाठी डंडा लेकर मारपीट कर घायल कर दिया।

# हलवाइयों ने प्रॉपर्टी डीलर को पीट-पीटकर मारडाला

## विवाह समारोह में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या से मची खबली, तीन नामजद

अखंड भारत संदेश





**झूंसी।** इलाके के बदार गांव में गुरुवार की रात शादी में शामिल एक प्रॉपर्टी डीलर की पीट पीट कर हत्या कर दी गई। खाना बनाने वाले करछी, कौचे से प्रॉपर्टी डीलर को मारा गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से वहा खलबली मच गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। झूंसी पुलिस ने तीन पर मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी सहित कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मूलत कीडगंज का रहने वाला महेंद्र यादव 35 कुछ वर्षों से झूंसी के बदार में मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रह कर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। गुरुवार को गांव के ही सुरेंद्र पटेल की बेटी की शादी में परिवार के साथ गया था। बरात में ही उसका गांव के पुटरू से विवाद हो गया। पुटरू बारात में खाना बनाने आया था आरोप है कि पुटरू अपने साथियो के साथ महेंद्र को पीटने लगा। सब्जी बनाने वाली करछी व कौचे से से हमला कर दिया जिससे महेंद्र का सर फट गया और वह खून से लथपथ वही गिर पड़ा घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। कुछ लोगों की नजर खून से लथपथ महेंद्र पर पड़ी तो परिजनों को सूचना दी आनन-फानन में उसे पास के एक हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से डॉक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंच गए तभी सूचना पाकर डीसीपी दीपक भूकर, एसीपी दारागंज आस्था जयसवाल, इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई राजेंद्र यादव की तहरीर पर पुलिस ने गांव के पुटरू, मुस्सर और राम अचल यादव सहित अज्ञात पर मामला दर्ज कर पूछताछ के लिए कुछ लोगो को हिरासत में लिए है। महेंद्र पहले सऊदी में काम करता था कोरोना में वह घर आ गया था तब से झूंसी में ही रह रहा था उसकी मौत से पत्नी ममता का रो रो कर बुरा हाल है महेंद्र चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी है।

## दो बाइकों में टक्कर एक की हालत नाजुक अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई । जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुची पुलिस ने उपचार हेतु समुदायक स्वस्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट कोयली गडही निवासी मोहम्मद हासिम 35 वर्ष पुत्र मोहम्मद फारुक जो अलीपुर में अंडा की दुकान किए हुए हैं। शुक्रवार को दोपहर में बाइक से जुमा की नमाज पढने जा रहा था जैसे पक्का तालाब के पास पहुंचा सामने आ रहे एक बाइक में टक्कर हो गयी। जिससे मोहम्मद हासिम गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुची पुलिस घायल हाशिम को समुदायक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहा डॉक्टरों ने हलात नाजुक देख कर शहर के लिए रेफर कर दिया। जिस को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अन्य बाइक चालक को मामूली चोटें आयीं है।

# एससी प्रधान के खाते से प्रतिनिधिओं ने निकाल लिया डेढ़ करोड़

अखंड भारत संदेश

**अधिकारी बने मूकदर्शक**

**करछना ब्लाक के डीहा ग्राम पंचायत में प्रधानी करने को लेकर -किसी भी दिन हों सकती है बड़ी घटना**

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा में एस सी प्रधान की कमजोर प्रणाली को लेकर प्रतिनिधित्व करने वालों ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपए डोंगल लेकर निकाल लिया है इस कार्य कार्यरत सचिवों की अहम भूमिका रही है। इसका उपयोग खूब इस लिए किया 10 से 20 प्रतिशत मोटा कमीशन को लेकर रहा है,अब नौबत यहां तक आ पहुंची है कि प्रधानी करने को लेकर किसी भी समय बड़ा खून खराबा हों सकता है, जो बड़ी घटना का रूप धारण कर सकती हैं, कमीशन को लेकर जिन सचिवों ने सरकारी पैसे का विकास करने के नाम पर करोड़ों रुपए डोंगल लेकर निकाल लिया गया है सही मायने में जांच की दिशा घूमी तो ब्लाक के जिम्मेदार लोगों की गर्दन फसने से कोई बचा नहीं सकता। बता दें कि विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा में कमजोर प्रधान समझ कर जो लूट की गंगा बहाते रहे वे भी जिम्मेदार सब गांव के विकास का पैसा खूब लूटने में शामिल रहे हैं उनके खिलाफ ब्लाक के जिम्मेदार अफसरों से अनगिनत शिकायतें आने के बावजूद कारवाई के करने के बजाय लूटने वालों का सहयोग किया है,जब कि डीहा पंचायत भवन परिसर में इस बर्चस्व को लेकर कयी बार मार पीट, सीसीटीवी कैमरे तक तोड दिए गए थे कम्प्यूटर सिस्टम तक तोड दिए गए थे लेकिन तत्कालीन सचिव ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई,यह भी एक प्रश्न चिह्न है। गांव का प्रधान प्रेमचंद आदिवासी कुछ शराबी किस्म का है उसका पुत्र ओमप्रकाश आदिवासी प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहा है लेकिन उसे भी पंचायत भवन में पीटा जा रहा है जिसकी शिकायत गुरुवार को नामजद करछना पुलिस से की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी जिससे गांव में प्रतिनिधित्व को लेकर किसी भी समय बडी घटना घटित होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

# पुलिस कमिश्नरेट ने चिकित्सा विभाग पुलिस को जांच कर कार्रवाई का दिया आदेश

**प्रसव पीड़िता के मौत के बाद देर रात अस्पताल में शव रख कर हुआ था हंगामा, मऊआइमा मे बीयूएमएस की डिग्री लेकर कर रहे हैं आपरेशन**

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में झोला छाप डाक्टरों की बाढ आ गई है।तथा अनगिनत निजि अस्पतालों में हो रहा है मानव जीवन के साथ खिलवाड़ । निजी अस्पताल में एक प्रसव पीड़ा की मौत पर खबर छपने और इंस्पेक्टर मऊआइमा द्वारा पत्र लिख कर जांच की मांग आदि को पुलिस कमिशनरेट ने संज्ञान लेते हुए । चिकित्सा विभाग और मऊआइमा पुलिस को जांच करने और कार्यवाही का आदेश टविटर पर दिया है।

मालूम हो कि गुरूवार को देर रात मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बटहा निवासनीय समरुन उर्फ समरीन 21 पत्नी चांद मोहम्मद की प्रसव के कारण सुलतानपुर खास गांव के एक निजि अस्पताल में मौत पर जम कर हंगामा हुआ था। इस मामले को पुलिस ने किसी तरह समझा दिया। जिसपर इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने कमीशनर को पत्र लिख कर कहा था कि मऊआइमा में फर्जी डिग्री लेकर कथित बीयूएमएस डाक्टर अस्पताल खोल कर मानव जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिससे आए दिन मौतों हो रही है तथा पूरे प्रकरण को प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने सुर्खियां शुक्रवार को बनायी। जिसपर पुलिस कमिशरेट ने अपने ट्विटर पर यह आदेश दिया है कि प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा और स्वास्थ्य विभाग समन्वय स्थापित कर आवशयक कार्यवाही हेतु निर्देश दिया है। आरोप है कि मऊआइमा क्षेत्र में अनगिनत पैथालॉजी और अल्ट्रासाउंड, निजि अस्पतालों पर बीयूएमएस की डिग्री लेकर तथा कथित सर्जन बन कर आप्रेशन करके गरीबों, निरक्षरों को मौत के घाट उतार कर मोटी कमाई में जुटे हुए हैं। सीएच सी मऊआइमा के एम ओ ने स्पष्ट कहा है कि क्षेत्र में निजि अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन शहर के किसी एम बी बी एस डाक्टर के नाम से लेकर बीयूएमएस ,नकली एम ओ जरार्ही ढंग से कर रहे हैं। डाक्टर राम गोपाल वर्मा ने साफ कहा है कि इसके पूर्व पेट्रोल पंप के बगल ,इंटर कालेज के बगल, तथा गदाईपुर से लेकर हरिसेनगंज तक अनगिनत निजि अस्पताल झोला छाप डाक्टरों की बाढ आ गई है। आदेश आते ही वह पुलिस बल लेकर मुकदमा जरूर दर्ज कराएगें।



## छप्पर में आग लगने से दो मवेशी झुलसे ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**सिरसा।** प्रयागराज इलाकई थाना क्षेत्र के डेलौहा गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में आग लगने से दो मवेशी गंभीर रूप से झुलस गये। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार डेलौहा निवासी ज्ञान चंद पटेल घर के बगल में बने छप्पर में अपने मवेशियों को बांध रखा था। देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में आग लग गई। आग लगने ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घंटों कड़ी मशक्कत करते हुए ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक छप्पर में बंधे दो मवेशी झुलस गए। थे और छप्पर जलकर राख हो चुका था।

# यमुनानगर के करछना में पहली एसीपी कोर्ट का डीसीपी ने किया उद्घाटन

## लिंक सर्किल तय होते ही शुरू होगा कार्य, 20 से ज्यादा सीआरपीसी की धाराओं से जुड़े मामलों की होगी सुनवाई

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज कमिश्नरेट के करछना सर्किल की कोर्ट का शुक्रवार को डीसीपी संतोष कुमार मीणा ने उद्घाटन किया। अब शांति भंग समेत तकरीबन 20 से अधिक सीआरपीसी की धाराओं के मुकदमों की सुनवाई और जमानत पर विचार एसीपी करेंगे। हालाकि इसके लिए एक बाध्यता यह होगी कि संबंधित एसीपी अपने सर्किल के थानों के प्रकरण की सुनवाई करने का अधिकारी नहीं होगा। उच्चाधिकारियों की ओर से सभी एसीपी के लिए लिंक सर्किल तय की जाएगी। जो लिंक सर्किल मिलेगी, वही के मुकदमों की सुनवाई करने के लिए एसीपी अधिकृत होंगे। प्रयागराज कमिश्नरेट बनने के बाद से ही सभी सर्किलो में कोर्ट चलाने की तैयारी शुरू हो गई थी। इसी क्रम में शुक्रवार को करछना तहसील परिसर में एसीपी करछना के कोर्ट रूम का उद्घाटन डीसीपी यमुनानगर संतोष कुमार मीणा ने किया। एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान ने बताया कि उनकी कोर्ट का काम तो आज से शुरू हो गया। लेकिन जब तक लिंक सर्किल का निर्धारण नहीं हो जाता, तब तक अभी कोर्ट में काम न के बराबर ही होगा। लिंक सर्किल एलाट होते ही कोर्ट का काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई भी एसीपी अपने सर्किल के थानों के मुकदमों की सुनवाई नहीं कर सकता, उसे किस अन्य सर्किल से लिंक किया जाएगा। ताकि निष्पक्षता बनी रहे। डीसीपी संतोष कुमार मीणा ने बताया कि अभी तहसील परिसर के ही एक कोर्ट रूम में एसीपी की कोर्ट शुरू करा दी गई है। जनता को निष्पक्ष और त्वरित न्याय मिल सके। इसका हम सब मिलकर प्रयास कर रहे है। कोर्ट रूम का उद्घाटन हो गया है। जल्द ही लिंक सर्किल भी तय कर दी जाएगी। ताकि जल्द से जल्द 107, 116, 151 सहित तकरीबन 20 सीआरपीसी की धाराओं की सुनवाई यहा शुरू कराई जा सके। इस दौरान एसडीएम गणेश कनौजिया, इंस्पेक्टर करछना विश्वजीत सिंह और एडवोकेट अवतार किशन सिंह, अन्य अधिकारी कर्मचारी संग पुलिस वाले मौजूद थे।



## मृतक दीक्षित परिवार को नव युवक ब्राह्मण समाज ने दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पर गुरुवार को संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष लवकेश मिश्रा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में कानपुर में मृतक दीक्षित परिवार के प्रति नवयुवक ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्माओं को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर दीक्षित परिवार पर दुस्साहसिक घटना के चलते शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक व्यक्त कर अप्रिय घटित घटना की घोर निंदा करते हुए संगठन के संरक्षक भगवत मिश्र जी ने कहा कि अगर शासन द्वारा पीड़ित दीक्षित परिवार को न्याय दिलाने में असफल रही तो नव युवक ब्राह्मण समाज भविष्य में कुछ भी करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन घटना में शामिल दोषियों का निलंबन एवं उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराके सलाखों के पीछे भेजे तथा उनका भी घर गिराने का काम करे तभी उन मृत आत्माओं को शांति मिल पाएगी। इस अवसर पर डॉ ए एन मिश्रा, विनोद शुक्ला, विजय तिवारी, प्रमोद शुक्ला, अमन मिश्रा, अनुराग मिश्र, सूर्यमणि मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, घनश्याम शुक्ला, विवेक शुक्ला, आशीष शुक्ला, संतोष द्विवेदी, राकेश दूबे, उमेश द्विवेदी, शान पति तिवारी, गौरव तिवारी, पंकज शुक्ला, सूर्यमणि पांडे सहित आदि लोगों ने श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि दिया।

# समापन दिवस पर सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हो गए अनुवां निवासी

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** महिलेश्वर नाथ धाम मंदिर अनुवां प्रांगण में चल रही भागवत कथा का समापन शुक्रवार को सुदामा चरित्र वर्णन के साथ हुआ। कथावाचिका अर्चना दुबे द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया भागवत कथा में कृष्ण लीलाओं का किया वर्णन किया।इस अवसर पर कथा यजमान विनोद पांडेय, उषा पांडेय, सानिध्य प्रेमानंद महाराज, प्रबंधक स्वामी गंगाशरण महाराज, अध्यक्ष अंबिका प्रसाद पांडेय, कोषाध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, गामा पांडेय, आशुतोष पांडेय, प्रमोद प्रधान, विजय नाथ उपाध्याय, जितेंद्र दुबे पिंटू, दिनेश मिश्रा, दयाशंकर उपाध्याय, राघोराम उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, राम अनुज उपाध्याय, लवकुश तिवारी, मिस्टर मिश्रा, अरविंद मिश्रा, राजेंद्र मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रामकथा के पश्चात किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के आयोजक समाजसेवी चन्द्रभान सिंह के संयोजन में चल रही श्री राम कथा के उपरांत विधि विधान से हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथा स्थल स्थित यज्ञशाला में मुख्य यजमान अवधराजी देवी एवं आयोजक चन्द्रभान सिंह परिवार समेत तथा कथा के रस रसिक श्रोता भक्तों ने आचार्य विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ किया। तत्पश्चात कथा व्यास श्री श्री 108 स्वामी श्री राम हृदय दास जिज्ञासु जी महाराज के मुखारविंद से आशीर्वचन के साथ फलस्वरुप शुभ आशीर्वाद लिए। उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में हेतापट्टी गांव सहित आसपास के भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तगंण उपस्थित होकर सहयोग करते हुए भगवान के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यूज झरोखा

### इकाई प्रमुख सहित इफको परिवार ने संजय मिश्रा के अस्थि कलश को किया नमन




**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में शुक्रवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा के अस्थि कलश को इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया के साथ ही अन्य वरिष्ठ अधिकारियों नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों ने मृतक की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की । बता दें कि 11 फरवरी को जार्डन में हृदय गति रुक जाने के कारण इफको के पूर्व पीआरओ व अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा का निधन हो गया था जिनका अंतिम संस्कार कानपुर में गुरुवार को हुआ था। इफको की फूलपुर इकाई में शुक्रवार को उनका अस्ति कलश लाया गया जहां पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। मौके पर कार्यकारी संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः पी.के.सिंह, संजय भंडारी, संतोष कुमार शुक्ला, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर त्रिपाठी,आर ०एन०यादव०जितेन्द्र नाथ चौधरी,विजय चंद्र विश्वकर्मा, इफको के ए.के.गुप्ता, एस.के.सिंह, गौतम कुमार, सी.बी.सिंह, डॉ. विनोद कुमार यादव, संजय श्रीवास्तव, आर.आर.विश्वकर्मा, विनोद यादव, विनीत दुबे, मनीष सिंह, संजय सिंह, पी.सी.मिश्र, पी.सी.शुक्ला, उमेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रयाग इंस्टीट्यूट बेदौं के चार छात्र हुए सरकारी सेवाओं में चयनित



POOJA SINGH, B.Tech.- 4th Year (EE), LMRC | PRASHANT PANDEY, B.Tech.- 3rd Year (EE), DRDO | ALOK KUMAR PATEL, B.Tech.- 4th Year (EE), LMRC | MD TAUHEED RAHMAN, B.Tech.- 4th Year (CE), BSF JUNIOR ENGINEER

**करछना।** जमुनापार की प्रमुख एवं प्राचीन तहसील क्षेत्र के बेदौं स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट मे बी.टेक के चार छात्रों का सरकारी सेवाओं मे कार्य करने हेतु चयन हुआ है। इसमे इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के तीन छात्र व एक अन्य सिविल डिपार्टमेंट का छात्र है। बी.टेक इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष का छात्र प्रशांत पांडे का चयन डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) जबकि बी.टेक इलेक्ट्रिकल फाईनल वर्ष की छात्रा पूजा सिंह व छात्र आलोक कुमार पटेल का चयन एल एम आर सी ( लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड) मे हुआ है। इसके अलावा बी.टेक सिविल डिपार्टमेंट के फाईनल वर्ष के छात्र मोहम्मद तौहीद रहमान का चयन बी एस एफ (बॉर्डर सेक्योरिटी फोर्स) में जूनियर इंजीनियर के पद पर हुआ है। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह पटेल व सचिव श्री विकास सिंह ने सभी चयनित छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के निदेशक डा सुभाष चंद्र तिवारी ने सभी होनहार छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि कॉलेज के छात्र सरकारी सेवाओं हेतु चयनित हो रहे। इस मौके पर संस्था के रजिस्ट्रार श्री आशीष तिवारी एवं सभी विभागाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह , आशुतोष तिवारी, प्रेम चंद्र, एच एल पटेल, अरविंद पांडे, हिमांशु सिंह ,भोला पांडे, आस्मां नंद, श्रुति श्रीवास्तव, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे एवं संस्था के निदेशक ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर सुप्रिया श्रीवास्तव को बधाई दी।

# जूही को जल्द मिलेगी विद्युत समस्याओं से निजात, बदले जाएंगे पुराने विद्युत तार

अखंड भारत संदेश

**विद्युत विभाग से भाकियू मिला आश्वासन, आधा दर्जन मांगों के साथ भाकियू ने किया धरना-प्रदर्शन**



**शंकरगढ़।** बिजली विभाग की आधा दर्जन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन के दूसरे दिन विद्युत विभाग द्वारा सभी मांगों का लिखित आश्वासन दिया गया। भारतीय किसान यूनियन के बारा तहसील अध्यक्ष गगन कुमार सिंह विद्युत विभाग को दस फरवरी को आधा दर्जन समस्याओं का ज्ञापन सौंपते हुए निदान की मांग की गई थी, लेकिन महकमे के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। इससे नाराज भाकियू की बारा इकाई ने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन एसडीओ और जेई ने भाकियू नेताओं व प्रतिनिधियों से वार्ता की और लिखित आश्वासन भी दिया। एसडीओ विमल कुमार यादव ने बताया कि किसानों को सीजनल कनेक्शन दिए जाने के लिए अधिशाषी अभियंता के दफ्तर से बात करनी होगी। इसके अलावा अन्य समस्याओं में एसडीओ ने बताया कि जूही और आमगोंदर फीडर को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही सप्लाई दी जा रही है। क्योंकि जूही फीडर एक अत्यधिक लंबा और लोड वाला फीडर है, इसलिए ओवरलोड होने पर फीडर ट्रिप कर जाता है। इसके लिए जूही ग्राम में 33/11 केवी का उपकेंद्र प्रस्तावित है, इसका टेंडर भी हो चुका है। जल्द ही उपकेंद्र बनने का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा विद्युत विभाग में कर्मचारियों का प्रबंधन विभागीय मानक के अनुरूप ही किया गया है। इसके अलावा जूही, आमगोंदर, नई शंकरगढ़, पुराने शंकरगढ़ के जर्जर विद्युत तारों व पोल को बदलने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। विद्युत विभाग ने किसानों से कटिया न लगाकर कनेक्शन लेने की भी अपील की है। इस मौके पर गगन कुमार सिंह, चंद्रपाल सिंह, यतेंद्र प्रताप सिंह, डीपी सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह, जगतपाल सिंह, विपिन सिंह, रिंकू सिंह, अमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## किसान गोष्ठी में किसानों को नैनो यूरिया तरल के प्रयोग के बारे में बताया गया




**प्रतापपुर।** ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को भोगवारा ग्रामसभा के कंधरपुर हनुमान मंदिर पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे इफको के कनिष्ठ क्षेत्र प्रतिनिधि सुमित तेवतिया ने उपस्थित कृषकों को इफको नैनो यूरिया तरल के फसलों में प्रयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि नैनो यूरिया तरल का प्रयोग फसल में 35 से 40 दिन की अवस्था में करना चाहिए। कारडेट फूलपुर के मुकेश तिवारी ने कृषकों से टिकाऊ खेती के लिए अपने खेतों में जैव उर्वरकों के प्रयोग एवं खेतों की मिट्टी जांच कराने का सुझाव दिया। इसी क्रम में कृषकों ने अपनी समसामयिक कृषि समस्याओं को भी साझा किया जिसका उत्तर भी उन्हें प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कृषकों को तरल जैव उर्वरक का वितरण किया गया।इस अवसर पर पूर्व प्रधान श्रीकांत शुक्ला, कृष्णगोपाल पांडेय, सूर्या यादव, विजय कुमार, सत्यकांत शुक्ला, अलगू बिंद, सुरेंद्र कुमार पटेल, गोपीनाथ शुक्ल, राजकुमार पांडेय, लल्लन सिंह यादव, लालचंद बिंद, सूरज जायसवाल, शिवाकांत शुक्ला, अजय शुक्ला, अम्बुज पांडेय, प्रमोद यादव, पंकज पांडेय, राहुल यादव, शुभम मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में कृषक मौजूद रहे।

# छात्र को गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**क्रिकेट खेलने के विवाद में दोस्तों ने ही मारी थी गोली, घायल छात्र की हालत स्थिर**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट के फाफामऊ में कोचिंग से लौटते समय 16 फरवरी को 11वीं के छात्र को गोली मारने वाले दो लड़कों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हमले के पीछे क्रिकेट खेलने का विवाद और आशनाई का मामला सामने आया है। दूसरी तरफ घायल छात्र की हालत स्थिर बनी हुई है।गंगानगर के गद्दोपुर निवासी मनीष साहू (17) पुत्र छुब्बन लाल साहू 11वी कक्षा का छात्र है। 16 फरवरी को सुबह घर से कोचिंग करने गया था। दोपहर में लौटते वक्त शांतिपुरम स्थित शिव गंगा विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी को-एजुकेशनल स्कूल के पीछे वाले गेट के सामने घात लगाकर बैठे 3 लड़कों ने उसे तमंचे से गोली मार दी थी, गोली उसके पेट में लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मनीष को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। होश में आने के बाद मनीष ने तीन लड़कों का नाम बताया। जिनमें फैज पुत्र फैय्याज, मो. अख्तर पुत्र जियाउद्दीन उर्फ मुल्ला गिरीश और आलीशान पुत्र सलीम सभी निवासी रुदापुर, फाफामऊ है।





### क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ था झगड़ा

फाफामऊ पुलिस ने 17 फरवरी की शाम को भदरी रेलवे क्रासिंग से फैज और मो. अख्तर को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें मो. अख्तर के पास से हमले में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा, दो कारतूस और खोखा बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि 2 महीने पहले क्रिकेट खेलने को लेकर मनीष से झगड़ा हुआ था। इसमें मारपीट हो गई थी उसी खुन्नस में उन लोगों ने मनीष को गोली मारी है, लेकिन पुलिस को घटना के बाद मनीष के मोबाइल पर व्हाट्सएप इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया माध्यम में जो मैसेज फोटो और वीडियो मिले हैं, उससे यह घटना आशनाई की ओर इंगित हो रही है।

### गोली मारने वाले घायल छात्र के साथ पढ़ते थे

थानाध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि गोली मारने वाले लड़के पहले मनीष के साथ ही पढ़ते थे। बाद में मनीष ने अपना स्कूल चेंज कर लिया था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई विष्णु कुमार यादव, एसआई बृजेश कुमार यादव, एसआई वरुण कांत प्रताप सिंह, एसआई राजकुमार यादव, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, कांस्टेबल विक्रम सिंह शामिल थे।

### रिटायर्ड डिप्टी एसपी का बेटा है आरोपी सोनू, लिखाया था गलत पता

**प्रयागराज।** रामबाग में डॉ. दीपकेंदु मित्रा के मकान में युवती की हत्या के मामले में जिस सोनू की तलाश की जा रही है, वह रिटायर्ड एसपी का बेटा है। डॉ. मित्रा को जेल भेजने के बाद अब पुलिस का पूरा ध्यान सोनू पर है। उसने अपना मोबाइल भी बंद कर रखा है।युवती की हत्या के बाद से ही सोनू की गतिविधियां संदिग्ध हैं। युवती की लाश के पंचायतनामा में उसने न सिर्फ अपने पिता का नाम गलत लिखाया बल्कि पता भी गलत लिख दिया था। डॉक्टर के घर के बगल प्रीतमनगर में ही उसका खुद का दोमंजिला मकान है। पंचायत नामा में उसने झलवा में किराये पर रहना बताया था। उसके पिता रिटायर्ड डिप्टी एसपी हैं। उसने पिता का नाम भी गलत लिखवाया था। डॉ. मित्रा को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने जब पूछताछ की तो डॉक्टर ने भी सोनू सिंह को ही इस पूरे कांड का दोषी बताया। फिलहाल सोनू की खोजबीन की जा रही है। वह लापता है। सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि सोनू की गलतबयानी, उसके झूठ और उसकी गतिविधियां उसे संदिग्ध बना रही हैं। उससे पूछताछ के बाद ही अंतिम रूप से कुछ कहा जा सकता है।

# 20 फरवरी को निरस्त रहेगी छपरा-मथुरा एक्सप्रेस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है तो कुछ ट्रेनों को परिवर्तित रूट से चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 22531 (छपरा-मथुरा) 20 फरवरी को निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 22532 (मथुरा-छपरा) प्रारंभिक स्टेशन से 20 फरवरी के लिए निरस्त कर दी गई है।

**इन ट्रेनों को रहेगा मार्ग परिवर्तन**

गाड़ी सं. 02569 (दरभंगा-नई दिल्ली) 17.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सिवान-थावे-कप्तानगंज -गोरखपुर मार्ग से चलेगी। गाड़ी सं. 02563 (बरौनी-नई दिल्ली) 17.02.23, 20.02.23, 21.02.23 एवं 22.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सिवान-थावे-कप्तानगंज -गोरखपुर मार्ग से चलेगी।गाड़ी सं. 02570 (नई दिल्ली-दरभंगा) 20.02.23 एवं 21.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गोरखपुर छावनी-कप्तानगंज -थावे-सिवान मार्ग से चलेगी। गाड़ी सं. 02564 (नई दिल्ली-बरौनी) 19.02.23, 20.02.23 एवं 21.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गोरखपुर-कप्तानगंज-थावे-सिवान मार्ग से चलेगी। गाड़ी सं. 12553 (सहरसा-नई दिल्ली) 20.02.23, 21.02.23 एवं 22.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सिवान-थावे-कप्तानगंज- गोरखपुर मार्ग से चलेगी। गाड़ी सं. 15708 (अमृतसर-कटिहार) 19.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गोरखपुर छावनी-कप्तानगंज -थावे-सिवान मार्ग से चलेगी। गाड़ी सं. 19615 (उधना-कामाख्या) प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक- 20.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गोरखपुर छावनी-कप्तानगंज- थावे-सिवान मार्ग से चलेगी। गाड़ी सं. 12521 (बरौनी-एरणाकुलम) 20.02.23 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सिवान-थावे-कप्तानगंज -गोरखपुर मार्ग से चलेगी।

**कई ट्रेनों को निरस्त किया गया तो कुछ ट्रेनों का रहेगा मार्ग परिवर्तन**

### खनन माफियाओं और अपराधियों पर चला पुलिस का हंटर

**कोरांव।** कोरांव पुलिस की सक्रियता से खनन माफियाओं और अपराधियों के पसीने छूट रहे हैं। नदियों के बालू घाटों पर सन्नाटा पसर गया है। मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही से परेशान माफिया और अपराधी अब पुलिस के दामन पर दाग लगाने की कोशिश कर रहे हैं और घाटों की पुरानी फोटो व बालू को वायरल कर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कोरांव थाने के एसएचओ कोरांव धीरेंद्र सिंह ने जब से कमान संभाली है, कोरांव में खनन, मादक पदार्थ शराब, गांजा माफियाओं की शामत आ गई है, जिसने भी तस्करी की कोशिश की, वह जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया। सामाजिक कार्यकर्ता एम पी ने बताया कि फर्जी ढंग से अन्य स्थानों की पुरानी फोटो ववीडियो को वायरल कर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। थाने में दलालों के खिलाफ की गई प्रभावी कार्यवाही से थाने की साख पर बट्टा लगाने की नाकामयाब कोशिश की जा रही है। एमपी शुक्ला ने बताया कि वर्तमान थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह की कार्यशैली से क्षेत्र की जनता खुश है। पीड़ितों को त्वरित न्याय, अपराधियों पर सख्त कार्यवाही हो रही है। कुछ दलाल किस्म के लोग बड़ोखर पुलिस चौकी को बदनाम करने पर भी तुले हुए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एम पी ने जिले के आला अधिकारियों से मांग की है कि इस तरह से फर्जी वीडियो व फोटो वायरल करने वालों को चिन्हित कराकर कार्यवाही की जाए।

### कोरांव पुलिस के हत्थे चढ़ा पाक्सो एक्ट का वांछित

**कोरांव।** पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का चालान भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अबू तालिब जैदी ने अपनी टीम के साथ धारा 354ख, 506 व 9810 पाक्सो एक्ट में नामजद अभियुक्त हयात खान पुत्र मंसूर अहमद उर्फ भुवर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त हयात खान कोरांव थाना क्षेत्र के सेमरिहा का रहने वाला है। पुलिस टीम ने उसे सेमरिहा से ही गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। चालान भेज दिया गया है।

### शुआट्स में पीआरओ के घर एसआईटी का छापा

**नैनी।** फतेहपुर के नगर के देवीगंज स्थित इंडियन प्रेस विटोरियन चर्च में 25 दिसंबर 2021 चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण के मामले में फरार रमाकांत दुबे की धरपकड़ के लिये फतेहपुर की एसआईटी टीम प्रयागराज नैनी स्थित डांडी स्थित घर में छापेमारी की। वहां रमाकांत के न मिलने पर एसआइटी टीम नैनी स्थित सैम हिग्गिनबाटम एग्रीकल्चर टेक्नालाजी एंड साइंस यूनिवर्सिटी डीम्ड विश्वविद्यालय (शुआट्स) गई। जहां उनके परिचितों से जानकारी जुटाने में जुटी हुई है। सुल्तानपुर जिले के गोसाईगंज थाने के बहाउद्दीनपुर गांव में रहने वाले शुआट्स के पूर्व छात्र सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने देवीगंज स्थित इंडियन प्रेस विटोरियन चर्च में 25 दिसंबर 2021 को धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर अज्ञात पादरी के साथ शुआट्स के कुलपति आरबीलाल, निदेशक विनोद बीलाल, प्रवक्ता रमाकांत दुबे समेत 60 पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक अमित कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपितों की तलाश में एसआइटी प्रयागराज व लखनऊ में डेरा डाले हुए हैं, शीघ्र ही किसी न किसी आरोपित की गिरफ्तारी की जायेगी।

# सभी समस्याओं का समाधान है क्रियायोग : स्वामी श्री योगी सत्यम

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** क्रियायोग आश्रम में शुक्रवार को क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने देश और विदेश से आए साधकों को क्रियायोग की शिक्षा देते हुए कहा कि यह पूरी तरह सिद्ध हो चुका है कि वर्तमान समय में पृथ्वी पर सभी प्रकार की समस्यायें जो मानव, अन्य जीव-जंतु, वनस्पति जगत और अन्य रचनायें जैसे-पहाड़, नदी, समुद्र से संबंधित हैं का पूरी तरह से समाधान क्रियायोग से संभव है। विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अभिप्राय है शारीरिक बीमारी, मानसिक अशांति व अज्ञानता। अज्ञानता की वजह से ही मनुष्य का आंतरिक धन व बाह्य धन क्षीण हो जाता है। आंतरिक धन वाइटलिटी, इम्यूनिटी व जीवन के रूप में है तथा बाह्य धन सभी प्रकार के संसाधनों के रूप में है। आज आवश्यकता है कि केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के सभी घरों में क्रियायोग के ज्ञान का सम्यक प्रसार हो। उपरोक्त विचार स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने क्रियायोग अभ्यास कराते समय व्यक्त किया। क्रियायोग आश्रम में यू.एस.ए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड, सिंगापुर, ब्राजील आदि देशों से आए साधकों के साथ - साथ भारत महाद्वीप के जम्मू - कश्मीर से कन्याकुमारी तउक सभी प्रदेशों से लोग आकर क्रियायोग ध्यान सीख रहें हैं।





# बैंक ऑफ बड़ौदा प्रयागराज क्षेत्र का रेल गांव में आयोजन संपन्न

**उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले बैंक मित्रों,सखियों को किया गया सम्मानित**





अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** जिलें के सूबेदार गंज रेल गांव में बैंक आफ बड़ौदा प्रयागराज रेंज द्वारा बैंक मित्र एवं बी.सी सखियों हेतु एक वृहद् सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में इस वित्तीय वर्ष में अभी तक बैंक के अलग-अलग स्कीमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बैंक मित्रों एवं बी.सी सखियों को सम्मान के तौर पर चेक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के सभी बैंक मित्रों , बी.सी सखियों एवं समूह सखियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ब्रजेश कुमार सिंह , अंचल प्रमुख, लखनऊ अंचल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में संजय वर्मा, उप-महाप्रबंधक, एसएलबीसी, प्रयागराज सेकेंड,क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख प्रमोद कुमार, उप-क्षेत्रीय प्रमुख ओएन सिंह, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड अनिल शर्मा एवं कौशांबी जिले के अग्रणी जिला प्रबन्धक जितेंद्र कुमार चौधरी ने अपनी सहभागिता प्रदान की इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजेश कुमार सिंह महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल ने सभी बैंक मित्र एवं बी.सी सखियों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बधाई दी एवं आगे इससे भी बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया ।बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2023 से लेकर 15 फरवरी 2023 तक स्वयं सहायता समूह में ऋण वितरण का आयोजन किया गया था जिसमे क्षेत्र द्वारा 10.80 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया, एवं उक्त कार्यक्रम में स्वीकृत किए स्वयं सहायता समूह के ऋण की महिलाओं को चेक देकर सम्मानित किया गया।अन्य अतिथियों ने उपस्थित सभी बैंक मित्रों एवं बैंक सखियों को बैंक द्वारा समय समय पर चलाये जा रहे अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया एवं ज्यादा से ज्यादा लोगो को बैंक के अलग अलग लाभकारी स्कीमों से जोड़ने हेतु अनुरोध किया।

### अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रुपए के आर्थिक दण्ड की सजा

**नैनी।** पुलिस प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा न्यायालय में की गयी प्रभाई पैरवी द्वारा थाना नैनी क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 11.07.2020 को एक 06 वर्षीय बालक के साथ दुष्कर्म व मारपीट करने की जघन्य घटना घटित हुई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 552/2020 धारा 377/323 भा.द.सं. व 5/6 पॉक्सो एक्ट बनाम अभियुक्त अमन भारतीया पुत्र रामबाबू भारतीया निवासी मुंडीचक थाना नैनी उम्र करीब 18 वर्ष पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्त केन्द्रीय कारागार नैनी में निरुद्ध था। अभियोग की गुणवत्तापूर्ण विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन, थाना नैनी पुलिस व अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी कर गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर माननीय न्यायालय के समक्ष गवाही कराए जाने के फलस्वरूप दिनांक 13.02.2023 को माननीय न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट इलाहाबाद द्वारा उपर्युक्त अभियोग में नामजद अभियुक्त अमन भारतीया पुत्र रामबाबू भारतीया निवासी मुंडीचक थाना नैनी को दोषी ठहराते हुये 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रुपए आर्थिक दण्ड से दण्डित किया गया।

### स्कूटी सवार महिला के गले से चेन छीन हुआ फरार

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में स्कूटी सवार युवक महिला के गले से चेन ले उड़ा। महिला ने शोर मचाया मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुची पुलिस बदमाश की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। मूलतः गाजीपुर के रहने वाले विनोद मिश्रा सैदाबाद के एक इंटर कॉलेज में अध्यापक है और झूंसी के आवास विकास कॉलोनी योजना-3 के सेक्टर 5 में किराए के मकान में रहते हैं। शुक्रवार की दोपहर विनोद मिश्रा अपनी पत्नी सरोज व बच्चो के साथ गाजीपुर जाने के लिए निकले थे। सभी पैदल ही कॉलोनी से जीटी रोड की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से आए एक स्कूटी सवार ने सरोज के गले पर झपट्टा पर सोने की चेन उड़ा दी। परिजनों ने शोर मचाया पर बदमाश कॉलोनी में गायब हो गया।

## न्यूज झरोखा

### शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस ने उपायुक्त नगर दीपक भूकर द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देश के क्रम में जनपद प्रयागराज में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर द्वारा थानासिविल लाइन्स क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थानो पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की गयी।

### महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक



**नैनी।** थाना कोतवाली परिसर में आने वाली महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर डीसीपी यमुनानगर संतोष कुमार मीना एसडीएम करछना एसीपी करछना नैनी थाना प्रभारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई बैठक में आए हुए सभी सम्मानित व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल सामाजिक सेवा संस्थान के लोगों ने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को अवगत कराया और शिव बारात को लेकर चर्चा की इस उपरांत डीसीपी यमुनानगर एवं एसडीएम करछना ने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए अपने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया इस मौके पर नैनी थाना के अंतर्गत समस्त चौकी प्रभारी एवं नैनी थाना पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम प्रभारी संचालक आशीष जायसवाल मौजूद रहे।

### गंगा महासभा की जिला कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन



**नैनी।** गंगा महासभा प्रयागराज के तत्वावधान में गंगा भक्तों की आवश्यक बैठक मदन वाटिका बंधारोड देवरख में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे एवं संचालन गजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। उक्त अवसर पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का चयन कर उन्हें नई जिम्मेदारियां दी गई। पुनर्गठित कार्यकारिणी के मार्गदर्शक मंडल में महन्त राम रतन दास जी फलाहारी बाबा एवं महन्त अवधेश महाराज चक्र माधव के साथ ही अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांण्डेय, उपाध्यक्ष नीलेश्वर प्रसाद मिश्रा व सरदार परमजीत सिंह, महामंत्री शक्ति कृष्ण त्रिपाठी व महामंत्री (संगठन) गजेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री देवेंद्र कुमार शर्मा व संजीव गुप्ता, मंत्री (संगठन) प्रवीण तिवारी, प्रचार मंत्री आशुतोष मिश्रा तथा आमंत्रित सदस्य के रूप में पत्रकार नरेंद्र श्रीवास्तव का चयन हुआ। नव चयनित पदाधिकारियों को उपस्थित लोगों द्वारा शुभकामनाओं सहित बधाई दी गयी।

### उत्तर प्रदेश औद्योगिक कल्याण संघ की बैठक संपन्न

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश औद्योगिक कल्याण संघ के साथ शुक्रवार को सिडबी के अधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सोलर ऊर्जा पर विशेष चर्चा की गई। जिसमें सिडबी के मैनेजर शशांक ने बताया कि सिडबी 100% बिना किसी प्रतिभूति के सात करोड़ का ऋण उद्यमियों को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने आगे कहा कि सिडबी औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उद्यमियों ने कहा कि इस प्रकार की योजना से उत्पादन लागत नीचे आएगी और सस्ती बिजली के कारण उत्तर प्रदेश प्रतिस्पर्धा में अन्य राज्यों के साथ आगे आ सकेगा। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के ने कहा कि मुख्यमंत्री आदित्य योगी प्रदेश को 1 ट्रिलियन इकोनामी बनाने और ग्रीन एनर्जी के उत्पादन में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। इस अवसर पर डीएन मिश्रा मनीष केसरवानी अविनाश द्विवेदी सचिन केसरी जसवीर सिंह विरदी अरविंद सिंह आदि शामिल रहे।

### मंदिर के अंदर रखा दान पेटिका चोरी, पुलिस से कार्यवाही की मांग

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में जागेश्वर नाथ धाम मंदिर से चोरों ने गुरुवार की देर रात दान पेटिका गायब कर दिया। पचास किलो वजन की दान पेटिका मंदिर के अंदर स्टैंड के ऊपर रखा हुआ था। दान पेटिका चोरी पर मंदिर के प्रबंधक राज कुमार तिवारी ने बताया कि गुरुवार की रात 9 बजे राधेश्याम त्रिपाठी, रामचंद्र त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी सहित गांव के आदि भक्तों ने किरतन आरती के बाद मंदिर का दरवाजा को बंद कर अपने अपने घर चले गए। शुक्रवार को सुबह पूजा करने गए लोगों की नजर पड़ी तो दान पेटिका गायब था। चोरी से भक्तों में हड़कंप मच गया। फिलहाल प्रबंधक द्वारा लिखित तहरीर देकर थरवई पुलिस से मामले की जांच करने व आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किया गया है।

### शिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**कोरांव।** महाशिवरात्रि पर्व के सकुशल आयोजन को लेकर थाना प्रभारी ने आज थाना परिसर में बैठक की और सभी लोगों को सभी शिवालयों व अन्य देवालयों की साफ-सफाई, सुरक्षा के लिए निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं भी सुनी गईं। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने महाशिवरात्रि के मौके पर उन स्थलों की विशेष सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है, जहां पर मेले का भी आयोजन किया जाता है। उन्होंने क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों से भी सहयोग की अपील की है। इस मौके पर तहसीलदार कोरांव अनिल वर्मा, एसआई वंश नारायण सिंह, बृजेश तिवारी समेत तमाम स्थानीय लोग व प्रधान मौजूद रहे।

### शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि गेहूँ की फसल में अनावृत कण्डुवे की रोगी बाली जो जल्दी निकल आती है । जो खेत में दिखायी देती है उसे निकालकर जला दें । गर्मी में हरे चारे के लिए मक्का चरी और लोबिया की बुवाई इस पखवाड़े करें । बरसीम के बीज उत्पाद न हेतु बरसीम को केवल 2 से 3 बार कटाई करना चाहिए` बीज लेने के लिए चारे की अन्तिम कटाई का उपयुक्त समय फरवरी का अन्तिम सप्ताह या मार्च का प्रथम सप्ताह है । अन्तिम कटाई के बाद 10 से 15 दिन तक फसल की सिंचाई रोक दे । अधिक बार कटाई करने से बीज की पैदावार कम ही नहीं होती है बल्कि जो बीज पैदा होता है उसमें जमने वाले बीजों की संख्या भी कम हो जाती हैं।

### हायर सेकेंडरी के छात्र छात्राओं को दी गई शुभकामनाएं

**नैनी।** महर्षि विद्या मन्दिर, दूरवाणी नगर नैनी में विदाई समारोह में शुक्रवार को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए हायर सेकंडरी के बारहवीं क्लास के छात्र छात्राओं को भविष्य के की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का शुभारंम्भ गुरुपूजन से हुआ कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए 11 वीं के छात्र- छात्राओं ने समारोह में सांस्कृतिक सामाजिक व देशभक्ति की थीम पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने किया उन्होंने 12 वीं कक्षा के सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया विद्यालय के हेड बॉय शिखर राय एवं हेड गर्ल दीपाअली ने विद्यालयीन जीवन एवं अनुभवों को सबको साझा किया अपने गुरुजनों के प्रति आत्मीय प्रेम को अभिव्यक्त किया कक्षा 11 वी के छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभी के मन को मोह लिया प्रधानाचार्या ने विदाई भाव को स्पष्ट करते हुए एक बार पुनः बारहवीं के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कभी सुख दुख में साथ निभाने वाले जेठ जेठानी व नाबालिक बच्चे पर देवरानी ने दर्ज कराया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**नैनी प्रयागराज।** नैनी थाना अंतर्गत खरकौनी क्षेत्र में कई महीनों से चल रहे पारिवारिक विवाद को लेकर मामूली कहासुनी व मारपीट में 10 फरवरी को देवरानी ने अपने जेठानी सहित परिवार के सभी सदस्यों के ऊपर कई (147,323,504,506,427) धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है । देवरानी का कहना है कि आए दिन परिवार के सभी लोग मिलकर मारते हैं जिससे परेशान होकर यह कदम उठाना पड़ा । वही जेठानी और जेठ का कहना है कि नैनी क्षेत्र के खरकौनी में गिरिनार आश्रम के नाम से एक आश्रम स्थापित है जिसमें गिरिनार बाबा (गृहस्थ संत) रह कर पूजा पाठ करते थे करीब 6 महीने पहले मृत्यु हो जाने के बाद परिवार के सबसे छोटे बेटे व बहू ने जमीन को लेकर मारपीट करने लगे तथा सभी आश्रम में बने हुए कमरों व किचन लैट्रिन बाथरूम में ताला लगा दिए। बता दे कि गिरिनार बाबा के पांच लड़के व चार बहू साथ में ही आश्रम में रहते थे जिसमें गिरनार बाबा के एक लड़के साधु शुक्ला की शादी नहीं हुई है । गिरिनार बाबा ने साधु शुक्ला को शादी करने से मना कर दिया था उन्होंने कहा था कि हमारे न रहने के बाद आश्रम में सभी पूजा पाठ का कार्य देखना है इसलिए उन्होंने अपनी शादी नहीं की । बाबा के स्वर्गवासी होने के बाद सभी परिवार एक साथ आश्रम में रहते थे वही 4 लोग परिवार के एक सहमति से रहते थे वहीं दूसरी तरफ परिवार में सबसे छोटा भाई व उनकी पत्नी अलग रहती थी । किन्हीं कारणवश परिवार की सबसे छोटी बहू आश्रम के कई कमरों में ताला जड़ दिया जिससे आश्रम में रह रहे लोगों को परेशानी होने लगी इसी परेशानी को विवाद का कारण भी बताया जा रहा है छोटी बहू का कहना है कि हम अपने हिस्से के दरवाजों में ताला बंद किए थे जिसको हमारे जेठ ने तोड़ दिया । जेठ का कहना था कि जब परेशानियां होने लगी तो दरवाजों में बंद तालो को तोड़ दिया गया तथा जिन तालो को तोड़ा गया था वह उनके कमरे का नहीं बल्कि पिता के समय से रह रहे हम अपने ही कमरे का ताला तोड़े थे इसी तालो को तोड़ते समय सबसे छोटी बहू ने वीडियो बना लिया तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिखाकर परिवार के सभी सदस्यों के ऊपर मुकदमा भी दर्ज करा दिया । जबकि दूसरे पक्ष से भी तहरीर दी गई थी उनके तरफ से किसी प्रकार का मुकदमा नहीं लिखा गया है । यह सब बातें आश्रम में मौजूद रह रहे बच्चों तथा जेठ व जेठानी का कहना है । वही आश्रम में रह कर पूजा पाठ कर रहे गिरिनार बाबा के कृपा पात्र शिष्य साधु शुक्ला का कहना है कि आश्रम में बिजली और पानी की सप्लाई छोटे भाई वह उनकी पत्नी के द्वारा बंद कर दिया गया है जिसको लेकर खाना पीना बनाने के लिए पानी की समस्या हो गई है इन्हीं सब को देखते हुए बुधवार की रात में स्पेक्टर नैनी को भी फोन किया गया था इस्पेक्टर नैनी ने आश्वासन देकर फोन काट दिया । अब देखना यह है कि इस मामले स्पेक्टर नैनी दोनों पक्ष की बातों को सुनकर कार्रवाई करेंगे अथवा एक ही पक्ष का मुकदमा दर्ज कर करवाई करेंगे। हालांकि इस मामले को अगर पुलिस विभाग गंभीरता के साथ नहीं लेता है तो आने वाले समय में कुछ भी हो सकता है।

## रैठे में स्वास्थ्य शिविर में उमडी भीड

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज ब्लाक अर्न्तगत पूरे नोती संतनगर रैठे मे गुरूवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जुकाम से पीडित मरीजो की संख्या ज्यादा देखी गयी। शिवगंगा जीवजन्तु कल्याण सेवाश्रम के तत्वाधान मे आयोजित शिविर में दो सौ से अधिक मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। जिले से आयी डा. अरूण सिंह की अगुवाई मे स्वास्थ्य टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मौजूद ग्रमीणो को विभिन्न संक्रामक रोगो के लक्षण व बचाव के बारे मे जानकारियां दी। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाईयां भी वितरण किया गया। शिविर के संयोजन स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने इसके उददेश्यो पर प्रकाश डाला। उन्होने मौसम में बदलाव को देखते हुए खांसी व जुकाम तथा बुखार के लक्षण मिलने पर लोगों से तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर मोनू तिवारी, गोलू यादव, भूपेन्द्र पाण्डेय, अजय शुक्ला, धीरेन्द्र तिवारी, रोहित यादव, वरूण, नीलम, लक्ष्मी तिवारी, तारा देवी आदि रहे।

# गरीबों की बेटी की शादी में सहायक हो रहा सामूहिक विवाहः प्रेमलता

### कम्पनी गार्डेन में आयोजित सामूहिक विवाह में 17 जोडे.हुए एक दूसरे के

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के कम्पनी गार्डेन में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसमें 17 जोडे. एक दूसरे के हुए। पूरे कम्पनी गार्डेन को भव्य ढंग से सजाया गया था जहां अलग-अलग स्थानों पर बने विवाह स्थल पर 12 जोडे. नगर पालिका क्षेत्र के तथा पांच जोडे. कटरा मेदनीगंज के फेरे लिये।

इस सामूहिक विवाह की अध्यक्षता नगर पालिका की निवर्तमान अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने करते हुए नये जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा शासन में गरीबों के बेटी की शादी के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह वरदान साबित हो रहा है। आज 17 कन्याओं ने अपने वर के गले में माला डाली तो पूरा पण्डाल जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबों की मदद के लिये यह सामूहिक विवाह की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि अब गरीबों की बेटी की शादी की चिंता सरकार कर रही है। यह पहली बार हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन राजकीय बालिका इंटर कालेज के प्रवक्ता मो0 अनीस ने किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर टाऊ आदि रहे। नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने कार्यक्रम में आए सभी के प्रति आभार जताया।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद हरिप्रताप सिंह व प्रेमलता सिंह।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के ग्राम पँचायत परियावां मजरे भिटारी गाव में मां दुर्गा व हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के लिए महिलाओं ने शुक्रवार को सिर पर कलश रखकर धूम धाम के साथ शोभा यात्रा निकाली जो डीजे के साथ भक्ति गीत में भक्ति मय होकर परियावां माता मईया धाम पहुँची जहाँ से वापस अपने गतंव्य स्थान पर पहुँची जहाँ शिवरात्रि पर पूजन अर्चन के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और रविवार को विशाल भण्डारे का कार्यक्रम मन्दिर प्रांगण में देर शाम तक चलता रहेगा। महाशिव रात्रि के पर्व पर श्री रामचरित मानस का अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया है जिसका समापन रविवार को होगा। कार्यक्रम के आयोजक चन्द्र शेखर शुक्ल एवं समस्त शुक्ल परिवार शामिल है।

# एनपीएस के विरोध में रेल कर्मियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

### मेंस यूनियन द्वारा ओपीएस के समर्थन में चले अभियान को मिल रहा समर्थन


हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर करते रेल कर्मी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेल कर्मचारियों ने नवीन पेंशन स्कीम के विरोध में शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों से पुरानी पेंशन लागू करने के लिए समर्थन मांगा। मेंस यूनियन के बैनर तले चलाए गए अभियान को हजारों की संख्या में लोगों ने समर्थन कर साइन किया।

इस मौके पर मेंस यूनियन के पदाधिकारी अजय आनंद ने कहा कि देश में पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर आंदोलन हो रहा है। मेंस यूनियन की शाखा प्रतापगढ़ ने भी इसके समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें हजारों का जनसमर्थन मिला है। यूनियन की पदाधिकारी बबिता पांडेय रसीद काटकर लोगों से समर्थन जुटा रही थी। काफी लोगों ने उनका भी समर्थन किया। इस मौके पर शाखा मंत्री अनिल कुमार शुक्ल, शाखा अध्यक्ष मो. शफीक, मनीष पांडे, विनय मिश्रा, अवधेश कुमार सिंह, संजय कुमार , धीरज सिंह, सलामत उल्ला, संतोष कुमार तिवारी, मो.रईस, कमलेश शर्मा, राजेन्द्र कुमार राय, सूरज प्रकाश, अरुण मौर्या उपस्थित रहे।

## हज यात्रा के लिये 10 मार्च तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने बताया है कि हज यात्रा-2023 हेतु हज यात्रियों की सुविधा हेतु जिला स्तर पर मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना पल्टन बाजार नोडल अधिकारी मुख्तार अहमद हबीबी प्रधानाचार्य मोबाइल नम्बर 9554298786 एवं मदरसा बाजे असहब बरई कुण्डा नोडल अधिकारी शाहिद हुसैन प्रधानाचार्य मोबाइल नम्बर 9451002020 को नामित करते हुये ई-सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन सेन्टर बनाया गया है। हज यात्रा हेतु 10 मार्च 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेक हज-2023 के दिशा निदेर्शों को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि को भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता 03 फरवरी 2024 से कम नहीं होना चाहिये। आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं होगा।

# जिले के 40 विद्यालयों में 6 हजार बच्चे सीबीएसई का देंगे इम्तेहान

### कक्षा-12 की परीक्षा 20 व कक्षा-10 की परीक्षा 27 से होगी शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू हो गयी हैं। प्रतापगढ़ जिले के कुल 40 विद्यालयों के लगभग साढ़े 6 हजार विद्यार्थी अपना इम्तिहान देंगे। प्रतापगढ़ जनपद में कक्षा 12 की हिन्दी की परीक्षा 20 फरवरी से आरम्भ होगी और कक्षा 10 की अंग्रेजी विषय की परीक्षा 27 फरवरी से आरम्भ होगी।

बोर्ड की ओर से परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। जिले में 6 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कक्षा दस की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होकर परीक्षा 21 मार्च तक चलेंगी। वहीं, कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 16 फरवरी से पांच अप्रैल तक चलेंगी। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य बी के सोनी ने बताया कि परीक्षाएं एक ही पाली में सुबह साढे. दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक कराई जाएंगी। प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय अतिरिक्त दिया जाएगा। परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियां सीबीएसई की अधिकारिक वेबसाइट पर दी गयी हैं। परीक्षाएं न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय और पंडित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल पर आयोजित होंगी। विद्यालयों की ओर से एडमिट कार्ड दिए जा चुके हैं। विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र पर दी सभी जानकारियों का पालन करना अनिवार्य है।

सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2023 एंटरप्रेन्योरशिप पेपर से शुरू हुई, जबकि कक्षा 10वीं की परीक्षा पेंटिंग, गुरुंग, राय, तमांग, शेरपा, थाई लघु विषयों से शुरू हुई। आधिकारिक सूचना के अनुसार, सीबीएसई परीक्षा 2023 का समय सुबह 10.30 बजे है। कोविड-19 के कारण 2020 से बीते दो साल तक परीक्षा प्रभावित होने के बाद अब इस साल, छात्र वापस सामान्य बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।


प्रधानाचार्य बी के सोनी।

# वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया महाशिवरात्रि का महापर्व ,बच्चों ने सबका मन मोहा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में देवाधि देव महादेव और माता सती के प्रेम की पराकाष्ठा का पावन पर्व महाशिवरात्रि उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय के नौनिहाल भगवान शंकर और माता पार्वती के अनुपम रूप सौन्दर्य में विद्यालय आए।

इसमें आद्विक, प्रियांश, पार्थ, अनय, हृदियांश, सार्थक, आरव, हर्षवर्धन, आयुष, शिवाय ने भगवान शंकर का रूप धारण किया तथा छात्रा अनुष्का, अविशा, अविका, विशाखा, उर्वशी, प्रणवी, अनन्या, आनवी, आदिश्री, आरोही, रिद्धिमा, अर्पिता, आयूषी, रियांशिका, श्रव्या, आभ्या, आलीशा, यशी, अदिति ने माता सती और माता पार्वती का आकर्षक रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने इस महापर्व के महत्व को अपनी वेश-भूषा तथा वंदना और शिव स्तुति के द्वारा प्रचारित किया। विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीरेन्द्र सिंह ने बच्चों को भगवान शंकर के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक धार्मिक अनुष्ठान है जो सभी को ईश्वर प्रति अटूट आस्था को दशार्ता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पांचवीं से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भजन, शिव स्तुति, गीत, भाषण और नृत्य आदि प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के चेहरों पर त्योहार मनाने की असीम खुशी साफ नजर आई।अ न्त में विद्यालय की प्रबन्धक अलका सिंह ने सभी को महाशिवरात्रि महापर्व की बधाई दी एवं बच्चों के मनमोहक रूप सौन्दर्य की सराहना की साथ ही विद्यार्थियों को इसका महत्व बताते हुए कहा कि महाशिवरात्रि एक पर्व ही नहीं बल्कि हर देशवासी का धर्म के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अलावा विद्यालय के निदेशक राकेश सिंह और प्रधानाचार्य समीर त्रिवेदी व समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।


भगवान शंकर और माता पार्वती की वेषभूषा में सजे बच्चे।

## जनता इंटर कालेज आलापुर वन ऑफ द बेस्ट सेन्टर की श्रेणी में शामिल

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के जनता इंटर मीडिएट कालेज आलापुर कालाकांकर प्रतापगढ़ में शामिल होने पर शिक्षको व छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी शिक्षक एक दूसरे को बधाई दे रहे थे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा महोत्सव मनाया गया जिसमें गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के डायरेक्टर महेंद्र देव औचक निरीक्षण में जनता इंटर मीडिएट कालेज आलापुर कालाकांकर पँहुचे जहाँ स्कूल प्रशासन की तरफ से विद्यालय को गुब्बारों से सजा कर फूलो की वर्षो करते हुए स्वागत किया स्वागत से गदगद हुए। महेंद्र देव कालेज की सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट होते हुए कालेज प्रबन्धक की भरपूर सराहना किया।

# आदिगंगा सई व गंगासागर से जल भरकर बाबा को अर्पित करेंगे महाशिवरात्रि पर शिवभक्त

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के सुविधाजनक प्रबन्धो को लेकर शुक्रवार को भी प्रशासनिक मशक्कत धाम मे तेजी से दिखी। महाशिवरात्रि के ठीक एक दिन पहले बाबा धाम मे बडी संख्या मे श्रद्धालु रैनबसेरा किया करते है।

श्रद्धालुओं के रैनबसेरा को देखते हुए पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से तैयारियो मे जुटी है वहीं महोत्सव आयोजन समिति की ओर से भी श्रद्धालुओं के पेयजल प्रबन्धो आदि पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालु आदिगंगा सई नदी तथा गंगासागर से भी जल भरकर बाबा का जलाभिषेक करेंगे। सई नदी तट पर एहतियातन खतरे के निशान के समीप बैरियर लगेगा, वहीं गंगा सागर मे श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त जल भी प्रवहमान दिखेगा। परिक्रमा मार्ग को भी चाक चैबंद किया जा रहा है। लालगंज से बाबा धाम के हाइवे की दोनो पटरियों पर भी लोक निर्माण विभाग को मरम्मत का कार्य शुरू करते देखा गया। एकता महोत्सव मे इस बार कई प्रदेश की सांस्कृतिक झांकियो के साथ चोटी के कलाकारो का भी जलवा बिखरेगा। इसे देखते हुए सांस्कृतिक रंगमंच की भी साजसज्जा आकर्षक बनायी जा रही है। पैदल यात्री सेतु के बाबा धाम के तटवर्ती छोर पर रंग बिरंगा फव्वारा भी इस बार श्रद्धालुओं के लिए ग्लैमर मे होगा। बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सांसद प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना भी लगातार यहां हो रही तैयारियो का अपडेट लेने मे लगे हुए हैं। सांसद प्रमोद तिवारी के निर्देश पर मेला संयोजक एवं प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी आयोजन समिति के कार्यकताओं के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने मे मशगूल दिखे। सांसद प्रमोद तिवारी आज महोत्सव की पहली शाम सत्रह फरवरी को बाबा धाम पहुंचेगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा बाबा धाम मे शुरू कराया गया यह महोत्सव उनकी सालाना कार्ययोजनाओं का ड्रीम हुआ करती है।

### राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने मे मशक्कत कर रहा प्रशासन


जगन्नाथ यादव के घर पहुंचकर बातचीत करते सांसद।

## सांसद विनोद सोनकर ने घर पहुंचकर जताई संवेदना

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा, प्रतापगढ़।** दो दिन पूर्व कुंडा कस्बे में पैसे के लेनदेन को लेकर हुई बहस के दौरान जगन्नाथ यादव की हत्या की जानकारी पर गुरुवार की देर रात्रि लगभग 10 बजे कौशांबी सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समिति लोक सभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीप के प्रभारी विनोद सोनकर मानिकपुर थाना क्षेत्र के यादवपट्टी (पाटीदार) गांव पहुंचे। जगन्नाथ यादव की हत्या पर बेटे आजाद सिंह यादव एवम् परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उप जिलाधिकारी कुंडा से दूरभाष पर वार्ता कर किसान बीमा की राशि जल्द से जल्द दिलाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ से वार्ता कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, उदय शंकर पांडेय, डा0 राम सरन मौर्य, डिंपू जायसवाल, सुशील पांडेय, शैलेंद्र मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर शिवाला महोत्सव का हुआ आगाज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दो दिवसीय पांचवा शिवाला महोत्सव का शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ के पूजन-अर्चन व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन कर शुभारंभ हुआ। उक्त अवसर पर बतौर अतिथि के रूप में शिवाला महोत्सव के संरक्षक पूर्व विधायक अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल व समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य के साथ आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर जेपी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत कुमार धीरेंद्र शुक्ल व कार्यक्रम के संयोजक शिवेश शुक्ला एडवोकेट द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों ने आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा व सहायता से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। लोगों ने कहा कि आयोजित महोत्सव में स्वास्थ शिविर के माध्यम से लोगों को खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर में आए हुए मरीजों की जांच के साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर चिलबिला के पूर्व सभासद संतोष दूबे, भाजपा नेता डब्बू सिंह, गिरजेश त्रिपाठी, अजीत शर्मा, डीपी इंसान, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान,भाजपा नेत्री पिंकी दयाल,शिशिर खरे, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री राजेश मिश्र, दयाशंकर शुक्ल के साथ अन्य शामिल रहे। महोत्सव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामापुर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अवनीश पाण्डेय, डां० नायाब अंसारी, डा लवकुश, डा अश्वनी मिश्र, नेत्र परीक्षण अधिकारी सी एम शुक्ल द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की गयी। इस मौके पर डा अवनीश पाण्डेय ने डायबिटीज, बीपी जैसे बीमारी से बचने के लिए आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने एवं भोजन मे कैल्शियम आयरन युक्त, कम ग्लायसिमिक इंडेक्स और अधिक फाइबर वाले मोटे अनाज बाजरा, बाजरा, रागी, सांवा, जैसे, खाने की सलाह दी। नेत्र परीक्षण अधिकारी सी एम शुक्ल ने बताया कि मोबाइल एवं टीवी का अधिक प्रयोग करने से आँखों की रोशनी पर असर पड़ता है। लगातार मोबाइल के प्रयोग से बचने की सलाह दी।

शिविर में नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क चश्मे का वितरण किया गया। शिविर मे कुल 350 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में पंडित शिव नायक जन स्वास्थ्य सामाजिक विकास समिति का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में फार्मासिस्ट अशोक कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार पाण्डेय, हरि शंकर सिंह,शैलेश दुबे, अलोक शुक्ल, योग प्रशिक्षक राकेश कुमार मौजूद रहे। अंत में आए हुए सभी अतिथियों आगंतुकों के प्रति महोत्सव के आयोजक परमानंद मिश्र ने आभार व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सकों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### 350 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ वितरित किया गया निःशुल्क दवा व चश्मा



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल।

## सरयू समेत तीन ट्रेन रद्द, आधे घण्टे खड़ी रही नवतनवा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सुल्तानपुर रेलवे यार्ड में मालगाड़ी हादसे का असर प्रतापगढ़ में दूसरे दिन भी दिखाई दिया। शुक्रवार को मनकापुर से प्रयागराज संगम जाने वाली सरयू एक्सप्रेस और उधर से आने वाली पैसेंजर ट्रेन तथा रायबरेली से जौनपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन कैंसिल रही। दुर्ग से नवतवा जाने वाली ट्रेन का प्रतापगढ़ में इंजन बदला गया। इस कारण से वह करीब आधे घंटे तक खड़ी रही। इस बीच इलेक्ट्रिक के स्थान पर डीजल इंजन लगाया गया। उसके बाद पंजाब मेल की क्रॉसिंग हुई। एसएस शमीम ने बताया कि हादसे की वजह से आधा दर्जन ट्रेनें रूट परिवर्तित होकर इधर से गई। सरयू, एक्सप्रेस और पैसेंजर रद्द रही। हादसे के बाद रेलवे ने प्रतापगढ़ के आरपीएफ और इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को सुल्तानपुर बुला लिया है। एडीईएन डोरी लाल,पीडबलू आई जितेंद्र कुमार आरपीएफ इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा रात से ही वहां पर डटे हुए हैं। शनिवार तक सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ रेल मार्ग के बहाल होने की संभावना है। सुल्तानपुर हादसे के बाद सेफ्टी को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# सरकारी स्कूल का निर्माणाधीन लिंटर गिरा एक मजदूर की मौत

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जा रहा था लिंटर पड़ने के कुछ देर बाद लिंटर भरभरा कर गिर गया है जिससे मलबे के नीचे कई मजदूर दब गए एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई एक मजदूर गंभीर घायल है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सरकारी स्कूल के लिंटर की छत गिर जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी भी पहुंचे हैं डीएम सुजीत कुमार ने कहा कि घटिया सामग्री से भवन निर्माण किया जा रहा था ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर का डीएम ने निर्देश दिया है मंझनपुर नगर पालिका परिषद के मुराइन टोला भदेसर में प्राइमरी स्कूल की छत का निर्माण बेसिक शिक्षा विभाग के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है गुरुवार की देर शाम छत की ढलाई हो रही थी तभी अचानक से एक बीम गिर गई

## सरकारी स्कूल के छत गिर जाने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल




स्कूल के लिंटर का मलबा हटाती जेसीबी मशीन

जिसके बाद अचानक छत का पूरा लिंटर ही भरभरा कर गिर गया,जिसमे कई मजदूर दब गए,मौके पर रहे मजदूरों ने किसी प्रकार से निकलकर अपनी जान बचाई जबकि दो मजदूर दबे रहे,जिन्हे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया,जहा जितेंद्र कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र मूलचंद निवासी अम्ववा पूरब की मौत हो गई है इस हादसे में मजदूर आलोक कुमार गंभीर रूप से घायल हैं मजदूर का अभी भी इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर डीएम सुजीत कुमार और एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव जिला अस्पताल पहुंचे और मजदूरो का हाल जाना,डीएम सुजीत कुमार ने बताया कि दुखद घटना हुई है मृतक मजदूर के परिजनों से बात की गई है,उन्हे शासन की तरफ से मिलने वाली सहायता और अन्य योजनाओं का लाभ दिया जायेगा,वही डीएम ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है खबर लिखे जाने तक ठेकेदार और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध तारी नहीं हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दलित व्यक्ति की मौत

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के साईं का पुरवा खारा गांव में एक दलित मजदूर व्यक्ति की गुरुवार की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है परिजनों द्वारा बताई जा रही बात हजम होने लायक नहीं है सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के बच्चे बिलाप कर रहे हैं। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के साईं का पुरा खारा गांव निवासी पप्पू पासी उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बदी प्रसाद पासी मेहनत मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन करता था शुक्रवार की सुबह पप्पू के परिजनों ने बताया कि पप्पू ने कमरे की धन्नी में गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया है। जब मौके पर ग्रामीण और पुलिस पहुंची तो पप्पू की लाश जमीन पर रखी थी बिना पुलिस के पहुंचे आखिर लाश किसने धन्नी से नीचे उतारी है इसका जवाब भीड़ के बीच कोई नहीं दे सका है जिस गमछा को आत्महत्या में प्रयोग के लिए परिजनों द्वारा बताया जा रहा है उस गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या करने में गमछा छोटा पड़ जाएगा हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दबी जुबान से ग्रामीणों ने बताया कि पप्पू पासी की पत्नी से बराबर विवाद होता था पप्पू की मौत कैसे हुई है इस पर ग्रामीण जुबान नहीं खोलना चाहते है पप्पू फांसी की मौत संदिग्ध बताई जाती है।

**पुलिस के पहुंचने पर जमीन में रखी थी लाश परिजनों का कहना है कि धन्नी से लगाई फांसी, जिस गमछा से फांसी लगाने की परिजन कर रहे बात फँदा बनाने में पड़ जाएगा वह छोटा**






डीलरों को उपहार देकर सम्मानित करते प्रिज्म सीमेंट कंपनी के अधिकारी

# प्रिज्म सीमेंट ने की उपहारों की बौछार

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के एक होटल में प्रिज्म सीमेंट कंपनी द्वारा एक रिटेलर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के जाने माने रिटेलर तथा डीलर ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता गोविंद चतुर्वेदी रीजनल हैड व रोहित कपूर रीजनल टेक्निकल हैड ने अपनी प्रस्तुति में प्रिज्म कंपनी के सभी उत्पादों व सीमेंट के गुणवत्ता के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इसके साथ ही प्रिज्म चैंपियन ऑल वेदर सीमेंट के सभी गुणों को विस्तार से बताया गया तथा इसका डेमो भी किया गया। प्रिज्म सीमेंट कंपनी के सभी रिटेलर को उपहारों से सम्मानित किया गया। प्रिज्म सीमेंट कंपनी द्वारा आयोजित संगोष्ठी में टीवी ,फ्रीज , मोबाइल , व कई अन्य उपहारों से रिटेलर और डीलर को कंपनी के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रांच मैनेजर सदाबृज सिंह , ब्रांच टैक्निकल मैनेजर शरद शुक्ला सेल्स अधिकारी वीरेंद्र शुक्ला , टेक्निकल इंजीनियर विमल मिश्रा व सेल्स प्रमोटर सुधीर गुप्ता कक्कू भैया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे कर्मचारी धीरेंद्र द्विवेदी ,इन्द्रनारायण तिवारी प्रिज्म सीमेंट के होल सेलर महेंद्र केसरवानी, अजय सिंह बघेल, राजीव मालवीय सहित तमाम होलसेल डीलर रिटेलर इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।



अस्पताल के बाहर खड़ी मैडम की कार

# सरकारी वेतन लेकर निजी नर्सिंग होम चलाती है एएनएम !

## मैडम के अस्पताल और मैडम के ड्यूटी से गायब रहने पर क्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन पर कार्रवाई करने का साहस जुटा पाएंगे

### 70 प्रतिशत से अधिक सरकारी चिकित्सक एएनएम वार्ड ब्याय फार्मासिस्ट नर्स और स्वीपर अवैध नर्सिंग होम संचालन में मशगूल

कौशाम्बी। स्वास्थ्य विभाग की महिमा निराली है स्वास्थ्य विभाग में तैनात सरकारी चिकित्सक फार्मासिस्ट नर्स वार्ड ब्याय एएनएम के साथ स्वीपर भी तैनाती स्थल पर ड्यूटी देने के बजाय नर्सिंग होम संचालन में अधिक व्यस्त रहते हैं स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की माने तो 70 प्रतिशत से अधिक सरकारी चिकित्सक एएनएम वार्ड ब्याय फार्मासिस्ट नर्स और स्वीपर अवैध नर्सिंग होम संचालन में मशगूल है जिससे सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है मरीजों के अस्पताल पहुंचने के बाद ग्रामीण इलाकों के 80 प्रतिशत से अधिक सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक से लेकर वार्ड ब्याय फार्मासिस्ट नर्स एएनएम आदि मौजूद नहीं मिलते हैं अस्पताल छोड़ कर निजी नर्सिंग होम संचालन में सब व्यस्त हैं और मुख्य चिकित्सा अधिकारी तमाशबीन बने हुए हैं जांच के नाम पर पहले सूचना दे दी जाती है फिर जांच करने अधिकारी मंत्री पहुंचते हैं जिससे उस समय की व्यवस्था ठीक कर दी जाती है स्वास्थ्य विभाग में तैनात एएनएम का एक अस्पताल चायल तहसील क्षेत्र के बबुरा मोड़ तिराहे से लगभग 300 मीटर की दूरी बलीपुर टाटा मार्ग पर संचालित हो रहा है अस्पताल संचालक के पास ना तो डिग्री है ना हीं अनुभव है अस्पताल में बोर्ड नहीं लगाया गया है सब कुछ बंद कमरे के अंदर हो रहा है जहाँ मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड लगाई गई है एएनएम महिला डॉक्टर केवल मरीजों से धन उगाही करती है मामूली मर्ज से लेकर बड़े बड़े ऑपरेशन करने का दावा अस्पताल में मौजूद मैडम करती हैं मरीज ठीक हुआ तो ठीक नहीं तो बड़े अस्पतालों में मरीज को ट्रांसफर करके कमीशन खोरी शुरू हो जाती है नर्सिंग होम के बाहर मैडम की कार खड़ी रहती है जब मैडम नर्सिंग होम में मौजूद रहेंगी तो सरकारी ड्यूटी पर यह कैसे मौजूद मिलेंगी नर्सिंग होम चलाने वाली मैडम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चायल के डॉक्टर मुक्तेश द्विवेदी को अपना खास बताती हैं उनके रहमों करम पर मैडम अवैध नर्सिंग होम के संचालन में व्यस्त हैं बताया जाता है कि मैडम की सेटिंग्स सीएमओ कार्यालय के कुछ कर्मचारियों तक है जिनसे उनकी बढ़िया सेटिंग हो जाती है मरीजों की मानें तो सुमन तिवारी नाम की महिला अस्पताल का संचालन कर रही है अब मैडम एएनएम है तो आशा इनका सहयोग करेंगीऔर सरकारी अस्पताल में प्रसव के केस ले जाने की बजाय मैडम के नर्सिंग होम में आशा भी केस पहुंचा कर मैडम से कमीशन वसूल रही है मैडम के अस्पताल और ड्यूटी से गायब रहने पर उन पर कौन कार्रवाई करेगा ग्रामीणों को नहीं लगता कि मैडम के अस्पताल और मैडम के ड्यूटी से गायब रहने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन पर कार्रवाई करने का साहस जुटा पाएंगे।



बैठक को संबोधित करती जिला पंचायत अध्यक्ष



बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य व अन्य

# इक्कीस करोड़ की कार्ययोजना के स्वीकृत पर हुआ विचार

अखंड भारत संदेश

**जिला पंचायत की बैठक**

**अध्यक्षा, जिला पंचायत की अध्यक्षता में रत्नावली सभागार में जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न**

कौशाम्बी। जिले के विकास कराए जाने को लेकर जिला पंचायत सभागार में अध्यक्षा, जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में सदस्यों द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा पंचम राज्य वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 के लिए कुल 10 करोड़ रुपए की कार्ययोजना तथा 15वें वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत 11.50 करोड की कार्ययोजना की स्वीकृति पर विचार किया गया। सदस्य, जिला पंचायत तूफान सिंह यादव द्वारा ह्लमैं फिट तो इंडिया फिटह्व के दृष्टिगत जिला पंचायत के वार्डो में ओपेन जिम का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही जिला पंचायत की वित्तीय वर्ष 2022-23 की पुनरीक्षित बजट तथा वर्ष 2023-24 की वार्षिक बजट का अनुमोदन भी जिला पंचायत सदन द्वारा किया गया एवं वर्ष 2022-23 के सम्पत्ति एवं विभव कर की सूची भी अनुमोदित की गई बैठक में सांसद विनोद सोनकर, ब्लाक प्रमुखगण एवं जिला पंचायत के सदस्यगण, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम, अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता, वित्तीय परामर्शदाता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## दो सहायक अध्यापक व शिक्षामित्र स्कूल से रहे गायब

कौशाम्बी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के बार बार कहने के बाद भी स्कूल से अध्यापकों के शिक्षण कार्य छोड़कर गायब रहने की व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है मंझलपुर विकासखंड क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक में शुक्रवार को देखा गया कि मौके पर सहायक अध्यापक संगीता कुमारी सहायक अध्यापक नरेंद्र सिंह और राकेश कुमार शिक्षामित्र अनुपस्थित रहे विद्यालय में अन्य शिक्षक प्रधान अध्यापिका और अन्य शिक्षामित्र मौजूद रह कर शिक्षण कार्य में लगे रहे लेकिन दो सहायक अध्यापक और एक शिक्षामित्र का सरकारी स्कूल से गायब रहने से शिक्षा विभाग के अधिकारियों के निर्देशों की धज्जियां उड़ती दिखी। इलाके के लोगों ने स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षकों और शिक्षामित्र के कारनामे की ओर जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को ट्रक ने मारी टक्कर

**बाइक सवार घायल तीन युवक को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती**

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी,हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर घायल हो गए हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में गुरुवार की देर रात शादी समारोह में शामिल होने सिराथू कस्बे के रमन,संदीप और सौरभ बाइक से जा रहे थे,तभी मंझनपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारो को टक्कर मार दी,हादसे में बाइक



घायलों को अस्पताल पहुंचाते ग्रामीण

सवार तीने युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है,वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## न्यूज झरोखा

### शासन ने अधिशाषी अधिकारी सिराथू को सौंपा कड़ा का अतिरिक्त प्रभार



अझुवा कौशाम्बी। शासन ने नगर पंचायत सिराथू के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार मौर्य को कड़ा धाम दारा नगर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है नवसृजित नगर पंचायत कड़ा धाम दारानगर का अतिरिक्त प्रभार देख रहे सुभाषचंद्र सिंह से कड़ा धाम दारानगर का शासन ने प्रभार वापस लेकर सिराथू ईओ अनिल कुमार मौर्य को सौंपा है अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने पदभार ग्रहण कर नगर पंचायत कार्मिकों के साथ बैठक कर अपने कार्यों से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने नगर पंचायत कड़ा के विभिन्न वार्डों का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और सम्बंधित संवेदकों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं शासन के आदेशानुसार नगर पंचायत सिराथू के साथ साथ आगामी आदेशो तक कड़ा धाम दारा नगर का अतिरिक्त प्रभार भी वह संभालेंगे वही कड़ा धाम का अभी तक प्रभार देख रहे अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह चरवा और नगर पंचायत अझुवा का कार्यभार देखते रहेंगे।

### मानक विहीन नाला बनाकर खजाने से रकम निकालने में लगा ठेकेदार



कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पुलिस लाइन और जेल के पीछे सिरचन पुर ग्राम सभा के पास सड़क किनारे नाला का निर्माण बड़ी तेजी से चल रहा है मानक विहीन घटिया क्वालिटी के नाले का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है विभागीय अधिकारी भी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं एक तरफ नाला का निर्माण हो रहा है दूसरी तरफ नाला टूटता जा रहा है देखने वाला कोई नहीं है जिस सड़क पर लाखों की लागत से नाला बनाया जा रहा है इस सड़क के किनारे नाला बनाने का कोई औचित्य भी नहीं था कभी पानी का भराव नहीं हुआ है कभी बाढ़ नहीं आई है जलजमाव की कोई समस्या नहीं थी जहां नाला बनाया जा रहा है कोई आबादी भी नहीं है लेकिन केवल कमीशन खोरी को लेकर विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदार को नाला निर्माण का काम सौंप दिया है और घटिया नाला बना करके सरकारी खजाने से रकम निकालने के बाद ठेकेदार और विभागीय अधिकारी हिस्सा बाट करने को आतुर दिखाई पड़े हैं।

### पुलिस लाइन के पीछे काटे जा रहे हैं हरे पेड़



कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवा के अंतर्गत सिरचनपुर बहादुरपुर और आसपास के कई गांव में हरे फलदार पेड़ लकड़ी माफिया काट रहे हैं कई मजदूरों को लेकर लकड़ी माफिया पेड़ काटने पहुंच जाते हैं इलाके में हरे फलदार पेड़ बेखौफ तरीके से काटे जा रहे हैं लकड़ी माफियाओ ने कुछ दिनों से सड़क किनारे खड़े सरकारी पेड़ और वन विभाग द्वारा लगाए गए जंगल को भी काट कर लकड़ी माफिया लकड़ी काट कर उठा ले गए हैं वन दरोगा भी हरे पेड़ों के अवैध कटान को नहीं रोक पा रहे हैं 2 महीने के बीच इलाके में सैकड़ों हरे फलदार पेड़ काट दिए गए हैं लेकिन किसी मामले में कार्यवाही नहीं हो सकी है बताया जाता है कि चौकी का एक सिपाही लकड़ी माफियाओं से वसूली में मशगूल है और साहब तक सिरसा पहुंचा रहा है जिससे लकड़ी माफियाओं पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है।

### नवोदय के छात्रों को पुस्तकें बांट रही हैं महिला शिक्षक




कौशांबी। छात्रों के भविष्य को लेकर महिला शिक्षकों ने चिंतन शुरू कर दिया है महिला शिक्षक संघ ने भी छात्रों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है और जिन छात्रों के पास पुस्तकों की दिक्कतें हैं महिला शिक्षक संघ द्वारा उन्हें पुस्तक भेंट की जा रही है महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों का कहना है कि छात्रों को पुस्तके देकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है बताते चलें कि महिला शिक्षक संघ द्वारा दी जाने वाली पुस्तके नवोदय विद्यालय की है महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सोनी केसरवानी प्रधानाध्यापिका महामंत्री रजनी केसरवानी अध्यापिका वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मि तारा अध्यापिका और उपाध्यक्ष संगीता अध्यापिका द्वारा महिला शिक्षक संघ संगठन की ओर से नवोदय स्कूल के छात्रों को पुस्तके भेट कर रही हैं अब तक कई दर्जन छात्रों को महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों ने उपहार स्वरूप पुस्तक छात्रों को भेंट की है उनके इस सराहनीय कार्य की इलाके में प्रशंसा हो रही है।

### दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट के बाल अपचारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

करारी कौशाम्बी करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में बाल अपचारी के विरुद्ध करारी थाना पुलिस ने रेप पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी शुक्रवार को उपनिरीक्षक बिपलेश सिंह ने महिला सिपाही अनीता राठौर के साथ नाबालिग बालिका से रेप के आरोपी बाल अपचारी को करारी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है।

### अपना दल एस के दावेदार कर रहे घर-घर जनसंपर्क

कौशांबी नगर निकाय के चुनाव कि अभी स्पष्ट घोषणा नहीं हुई है लेकिन संभावित प्रत्याशियों ने घर-घर जनसंपर्क शुरू कर दिया है नगर पंचायत करारी में अपना दल एस के अध्यक्ष पद के दावेदार जीशान हाशमी और वार्ड सभासद प्रत्याशी मोहम्मद असलम लगातार घर-घर जनसंपर्क कर पार्टी की छवि बनाने का प्रयास कर रहे हैं जीशान हाशमी और मोहम्मद असलम नगर क्षेत्र में घूम घूम कर नगर वासियों से पार्टी की नीतियों पर चर्चा कर रहे हैं वही अपना दल के दोनों नेताओं का कहना है कि जनता ने उन्हें नगर पंचायत में प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया तो नगर और वार्ड क्षेत्र के विकास करने में वह पीछे नहीं रहेंगे।

## प्रदेश के राज्यमंत्री का जनपद आगमन 19 फरवरी को

कौशाम्बी। प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार प्रभारी मंत्री सुरेश राही दिनॉक 19 फरवरी 2023 को अपरान्ह 12:30 बजे कॉशीराम गेस्ट हाउस, ओसा पहुँचेंगे राज्यमंत्री अपरान्ह 01 बजे पार्टी पदाधिकारियों से भेंटवार्ता करने के पश्चात अपरान्ह 02 बजे उदयन सभागार में उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक एवं विचार-विमर्श करेंगे। तत्पश्चात राज्यमंत्री अपरान्ह 03 बजे उदयन सभागार में प्रेसवार्ता करेंगे तथा 04 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

कौशाम्बी। सैनी अंतर्गत 25.07.2016 को थाना सैनी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से दुष्कर्म के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पॉक्सो एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त मक्खन लाल मौर्य पुत्र शारदा निवासी महाजिदपर रामपुर बढनावा थाना सैनी को न्यायालय एडीजे - 07/पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर पुलिस ने अभियुक्तो को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 30,000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित कराया अर्थदण्ड न अदा करने पर 06 माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

# भगवान भरोसे है लोक निर्माण विभाग कार्यालय!

**विभाग के अफसरों के ठेंगे पर है डीएम सीएम का निर्देश, सैकड़ों करोड़ के ठेके पर कमीशन खोरी तक सीमित है विभागीय अधिकारी कर्मचारी**

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले का लोक निर्माण विभाग कार्यालय भगवान भरोसे चल रहा है अधिकारी से लेकर कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं ड्यूटी पर कोई नहीं मिलता है लोक निर्माण विभाग के तीन खंड में सैकड़ों कर्मचारियों अधिकारियों की तैनाती सरकार ने की है लेकिन एक दर्जन कर्मचारी अधिकारी भी विभाग की कुर्सी पर मौजूद नहीं मिलते हैं ठेकेदारों की गुलामी कर कमीशन खोरी तक विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सीमित है लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के मामले में दर दर कमीशन खोरी हो रही है आला हाकिम भी लोक निर्माण बिभाग के चौपट व्यवस्था पर सुधार करने का सफल प्रयास नहीं कर सके हैं शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया गया तो आज अधिषासी अभियंता प्रांतीय खंड कार्यालय से गायब थे विभाग के संपूर्ण सहायक अभियंता और अवर अभियंता भी कार्यालय में मौजूद नहीं थे लोक निर्माण विभाग की स्थिति इतनी गड़बड़ है कि दर्जनों इंजीनियर होने के बाद भी एक भी अभियंता कार्यालय में दोपहर के









वक्त मौजूद नहीं थे 2 तिहाई से अधिक कर्मचारी कार्यालय में दिखाई नहीं पड़ रहे थे या तो वह घर से नहीं आए हैं या फिर वह ठेकेदारो की गुलामी में लगे हैं यही स्थिति लोक निर्माण बिभाग निर्माण खंड की रही है अधिशासी अभियंता निर्माण खंड कार्यालय से गायब थे उनके कार्यालय में भी सहायक अभियंता और अवर अभियंता कार्यालय में मौजूद नही थे केवल कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यालय में मौजूद था उसके अगल-बगल दो-तीन लोग और बैठे थे जिनके बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है इससे भी खराब स्थिति प्रधानमंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यालय की है इस कार्यालय में भी अधिकारी से लेकर सहायक अभियंता अवर अभियंता कार्यालय में मौजूद नहीं रहते केवल एक लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मी के सहारे पूरा कार्यालय संचालित हो रहा है लोक निर्माण बिभाग के तीनों खण्ड का कार्यालय भगवान भरोसे चल रहा है जबकि विभाग के पास सैकड़ों करोड़ के ठेके की कार्य योजना है विभागीय अधिकारियों की उदासीनता लापरवाही का नतीजा यह है कि पूरे जिले में घटिया क्वालिटी के सड़क का निर्माण हो रहा है हालांकि अधिकारी से लेकर लिपिक कमीशन खोरी कर मालामाल हो रहे हैं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को योगी के निर्देश की तनिक परवाह नहीं है बेखौफ तरीके से योगी के निदेर्शों की धज्जियां जिले में उड़ रही हैं इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कमीशन खोर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहायक अभियंता अवर अभियंता के कारनामों पर जांच कराकर इन्हें निलंबित किए जाने की मांग की है।

## फटाफट खबरें

### केन्द्रीय अध्यक्ष विदुप का स्वागत करते समाज के लोग, अग्रहरि समाज के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बने रामनरेश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केन्द्रीय अग्रहरि वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि प्रयागराज से चलकर यहां आये। समाज के सैकडों लोगों ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया। सभी लोगों ने पूर्व वार्ड मेम्बर/समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामनरेश अग्रहरि के आवास में राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय अग्रहरि एवं रमाशंकर अग्रहरि मनेन्द्रगढ से भेंट की।

शुक्रवार को समाज के लोगों से चर्चा के बाद केन्द्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने अन्तर्राष्ट्रीय टीम के रमाशंकर अग्रहरि एवं अजय अग्रहरि व रामसनेही को केन्द्रीय अग्रहरि समाज की सदस्यता दिलाई। रमाशंकर एवं अजय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं रामनरेश को प्रान्तीय उपाध्यक्ष घोषित किया। समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने अपने-अपने विचार रखे। अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय महामंत्री कुलभाष्कर अग्रहरि ने संचालन किया। युवा अध्यक्ष शारदा अग्रहरि, केन्द्रीय पदाधिकारी भूपेन्द्र अग्रहरि, अरुण अग्रहरि, सत्यनारायण अग्रहरि, जिलाध्यक्ष लवकुश अग्रहरि, महामंत्री गोरेलाल का जिले का कानूनी सलाहकार, रामप्रकाश अग्रहरि, शिवकरण, प्रमोद, ओमप्रकाश, राजाराम, शिवदास, पूर्व सभासद सोमनाथ एवं समाज के सैकडों लोग मौजूद रहे।

### राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर में स्थापित मानिटरिंग-सेल का किया गया निरीक्षण

**सुलतानपुर। जिलाधि**कारी रवीश गुप्ता द्वारा गुरूवार को हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट यू0पी0 बोर्ड परीक्षा-2023 को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा को नकलविहीन व सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर में स्थापित मानिटरिंग-सेल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मानिटरिंग-सेल में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों को मानिटरिंग सेल के माध्यम से जोड़कर लाइव निरीक्षण किया जाय। जिलाधिकारी को मानिटरिंग सेल के नोडल द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा को नकल विहीन कराने तथा परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। उन्होंने कहा कि कहीं भी सामूहिक नकल की सूचना प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा निष्पक्ष व नकलविहीन होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं की जायेगी।

### ट्रेलर के कुचलने से शादी में काम कर लौट रहे युवक की मौत

**वाराणसी। फूलपुर** थाना क्षेत्र के कुआर बाजार में बीती रात शादी से पटाखा बजाकर घर लौट रहे बाइक सवार युवक की ट्रेलर के चपेट में आने से मौत हो गई। वही उसके साथ बाइक पर बैठा युवक बाल बाल बच गया।बताया जाता है कि फूलपुर के कठिराव निवासी इम्तियाज अली उर्फ राजू (26) पुत्र अली शेर उर्फ बाबुल शादी में पटाखा बजाने का काम करता है। बीती रात प्रेमनगर में शादी में पटाखा बजाने के बाद अपने साथी अभिमन सरोज निवासी ढोरा फूलपुर के साथ घर लौट रहा था। कुआर बाजार में एक बारात लग रही थी। तभी वह ट्रेलर धीरे धीरे जा रही थीं। और यह भी धीरे धीरे ही पार कर रहा था।तभी इसी बीच उसके बाइक पर बैठे युवक द्वारा उतर जाने से संतुलन बिगड़ गया और भीड़ के धक्के से वह ट्रेलर के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर पुलिस के साथ परिजन भी पहुँच गए। मृतक चार भाइयो व दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। विवाहित राजू को दो पुत्रियां भी है। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया लेकिन चालक फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### बेसिक विद्यालय के सभी बच्चो के लिए होगा स्काउट प्रशिक्षण

**अयोध्या । बेसिक** शिक्षा के सभी विद्यालयों में अब स्काउटिंग का प्रशिक्षण न्याय पंचायत स्तर पर कराया जाएगा। जिससे सभी बच्चों में देश प्रेम और अनुशासन की भावना का विकास हो सके । उक्त विचार कम्पोजिट विद्यालय अंगूरी बाग में ब्लॉक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने व्यक्त किए। कार्यशाला में 12 विकास खंडों से आए हुए ब्लॉक स्काउट मास्टर ब्लॉक गाइड कैप्टन को स्काउटिंग की बारीकियों एवं विभागीय निर्देशों हेतु प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के 170 प्रतिभागी बच्चों के लिए मॉडल पेपर पुस्तिका के रूप में विभाग द्वारा जारी की जाएगी। कार्यशाला में बीएसए श्री राय का स्वागत जिला स्काउट मास्टर अनूप मलहोत्रा, गाइड कैप्टन निधि महेंद्रा ने बुके प्रदान कर किया। इस अवसर पर नगर स्काउट मास्टर दीप सहाय ने स्कार्फ और वागल पहना कर स्काउट बिरादरी में उन्हें शामिल किया। श्री राय ने नगर गाइड कैप्टन शिप्रा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक गाइड कैप्टन तारुन सौम्या गुप्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में गीता गुप्ता ,दुर्गेश कुमार ,डिंपल साहू ,ललित कुमार, पुनीता, रेनू सिंह, महमूद अहमद, भावना गुप्ता, बरसाती राही ,वंदना यादव,अर्चना, रवि कुमार कनौजिय, गीता राना, प्रवेश कुमार आदि मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक तहसीन बानो ने सभी के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

### प्रतिभावान खिलाड़ियों की क्षमता में निखार लाने के प्रति सरकार संकल्पित : सतीश शर्मा

**अयोध्या। महानगर** के मकबरा स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के तहत चल रही प्रतियोगिताओं का गुरुवार को समापन हो गया। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने विजेता तथा उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरित किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में क्रिकेट में 35 टीम, वालीवाल में 15, कबड्डी में 8, खोखों में 6 व बालिका वर्ग में कबड्डी में 8, खोखो 4 टीमों ने प्रतिभाग किया था। 11 से 16 फरवरी के बीच इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। समापन अवसर पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण व शहरों में मौजूद प्रतिभावान खिलाड़ियों की क्षमता में निखार लाने के प्रति सरकार संकल्पित है। जिससे वह राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उन्हें कुछ सीखने का अवसर भी प्रदान होता है। खेल हमारे जीवन को उन्नत करने का कार्य करता है। यह हमें अनुशासन व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास करने की शिक्षा भी प्रदान करता है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेलों इंडिया कार्यक्रम के तहत सरकार मैदानों का विकास, सामुदायिक कोचिंग विकास जैसी खिलाड़ियों की जरुरतों की पूरा करने का कार्य करती है।

# चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के बीच हो रही बोर्ड परीक्षायें: डीआईओएस



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाई स्कूल/इंटर मीडियट बोर्ड परीक्षा को शासन की मंशानुरूप नकलविहीन शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षाएं कराने को चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने की है। मंडलीय सचल दल प्रभारी उप शिक्षा निदेशक मंसाराम पटेल ने चित्रकूट पहुंचकर कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से बोर्ड परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां जो कमियां पाई गई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार को मंडलीय सचल दल प्रभारी उप शिक्षा निदेशक मंसाराम पटेल ने बताया कि परीक्षाओं के संचालन में विभाग पूरी तरह चैकस है। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं है। चित्रकूट में बोर्ड परीक्षाएं बहुत अच्छे ढंग से हो रही हैं। शुक्रवार को जिले के सात परीक्षा केंद्रों में हाई स्कूल संगीत व इंटरमीडिएट व्यवसायिक वर्ग की परीक्षा संपन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि जिले को व्यवस्था की दृष्टि से सात सेक्टर और चार जोन में बांटकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय अधिकारी नियुक्त किए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक और प्रशासन की ओर से प्रशासनिक अधिकारी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है। जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम बनाये गये है। जिसके प्रभारी कैलाश चंद शुक्ला हैं। परीक्षा प्रभारी के रूप में फूलचंद अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर रहे हैं। कंट्रोल रूम में प्रथम पाली के प्रभारी डॉ अजय त्रिपाठी, द्वितीय पाली के प्रभारी छेदीलाल यादव हैं। उनके सहयोगी के रूप में धर्मेंद्र सिंह, विनय कुमार, सत्येंद्र सिंह, महेश गुप्ता, विनोद कुमार, बसंत कुमार पांडेय मुस्तैद हैं। इसी तरह मॉनिटरिंग सेल में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी न्यायिक रामजन्म यादव प्रशासनिक प्रभारी हैं। उनके निर्देशन में अनिल कुमार, नेहा द्विवेदी, प्रमोद कुमार पाल, प्रियंका पांडेय, चैतन्य यादव मुस्तैद हैं। मॉनिटरिंग सेल से ही जिले के सभी 44 परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जा रही है। यहां पर बैठे-बैठे दूरदराज के परीक्षा केंद्रों के कक्षा तक की प्रत्येक गतिविधि को देखा जा सकता है। डीआईओएस ने बताया कि लखनऊ में बैठे अधिकारी भी बोर्ड परीक्षाओं को केंद्रवार देख सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षा के दौरान नकल रोकने को शासन और विभाग की जिले में इस बार पांच सचल दल बनाए गए हैं। प्रथम सचल दल में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप के नेतृत्व में विनीत सिंह, शिव भूषण सिंह, सुनीता देवी, दूसरा सचल दल वित्त एवं लेखाधिकारी पंचानन वर्मा के निर्देशन में प्रदीप कुमार शुक्ला, नरेंद्र मिश्रा, गुंजन यादव, तृतीय सचल दल शारदा प्रसाद गुप्त, प्रधानाचार्य के निर्देशन में धर्मेंद्र तिवारी, दिनेश, सोनम पांडेय, चैथे सचल दल में डायट की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह के निर्देशन में तारिका सिंह, संतोष कुमार, सरोज, शिवप्रसाद और पांचवा सचल दल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव के नेतृत्व में गठित है। उनके सहायक प्रदीप बाजपेई, कुलदीप सिंह, शकुंतला वर्मा ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। डीआईओएस ने बताया कि पांचों सचल दल परीक्षा के दौरान जिले के हर एक क्षेत्र में लगातार छापामारी कर जिले में कड़ाई से बोर्ड परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा के दो दिन में अभी तक कहीं कोई अव्यवस्था नजर नहीं आई और न ही कोई नकलची पकड़ा गया।

## अब आसानी से मिलेंगी जीवन रक्षक दवायें: अजय



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन उप्र ने उच्च न्यायालय में सरकार के आदेश को चुनौती दी है। उप्र सरकार ने कई जीवन रक्षक दवाओं की असीमित मांग में बिक्री पर फार्मा कम्पनियों व विक्रेताओं पर प्रतिबध लगाया था। इससे मुक्त व्यापार करने में परेशानी आने लगी थी। कई जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता पर प्रश्न चिन्ह लग गया था।

शुक्रवार को केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन के उच्च न्यायालय में प्रदेश सरकार के आदेश को चुनौती देने के मामले में सुनवाई व प्रतिबधात्मक आदेश पर 15 फरवरी को रोक लगा दी गई है। सीडीएफ के महासचिव सुरेश गुप्ता ने बताया कि कई जीवन रक्षक दवाओं के व्यापार में सरकार के लगाये असीमित मात्रा के बिक्री प्रतिबध से हार्ट, डिप्रेशन, बीपी समेत कई बीमारियों की दवायें आसानी से सुलभ होना बाधित हो गई थी। न्यायालय के प्रतिबधात्मक आदेश पर रोक लगाने से फार्मा कम्पनियों को व्यापार में सुविधा मिलेगी। जरूरतमन्दों को आसानी से दवायें मिल सकेंगी।

प्रतिबंध से पैदा हुई स्थिति व न्यायालय के आदेश के बारे में पूंछने पर जिले के केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन अजय अग्रवाल (अजय मेडिकल स्टोर) व अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता मां पीताम्बरा मेडिकल एजेंसी ने बताया कि कई जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता पर व्यवधान पैदा हो गया था। न्यायालय के आदेश से लोगों को आसानी से दवायें मिल सकेंगी।

## सफाई कर्मी ने मेहनताना न देकर दी धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कचहरी परिसर में टाइप राइटर एवं आनलाइन सेवायें देने का कार्य करने वाले मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत डीएम-एसपी को लिखे पत्र में कहा कि सीडीओ कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मी संतोष कुमार पुत्र स्व मइयादीन निवासी बगलई पुलिस चैकी शिवरामपुर ने 14 दिसम्बर को अपनी पत्नी के खिलाफ उससे प्रार्थना पत्र टाइप करवाया था और पीजी पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री समेत दो आनलाइन संदर्भ प्रेषित करवाया था। मेहनताना मांगने पर उसने आनाकानी करते हुए धमकी दी है।

शुक्रवार को जिला कचहरी परिसर में टाइप राइटर एवं आनलाइन सेवायें देने का कार्य करने वाले मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री व डीएम-एसपी को लिखे पत्र में कहा कि सीडीओ कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मी संतोष कुमार ने मेहनताना के रुपये न देकर उसे धमकी दी है। पीडित ने बताया कि संतोष कुमार ने कहा है कि छोटे-छोटे कार्य का उससे कोई पैसा नहीं लेता। तुमने पैसा मांगने की हिम्मत कैसे की। विरोध पर सफाई कर्मी ने कहा कि एटीएम से पैसा निकालकर आ रहा है, ये कहकर चला गया।

पीडित ने कहा कि वह आज तक नहीं लौटा है। उसके फोन नम्बर 8756814197 पर फोन मिलाया तो फोन नहीं उठाया। पीडित ने उच्चाधिकारियों से सफाई कर्मी संतोष कुमार से भुगतान कराने की मांग की है। पीडित ने सफाई कर्मी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की भी मांग की है।

## जबलपुर के बैंड-शहनाई के बीच निकलेगी मत्स्यगयेन्द्रनाथ सरकार की बारात



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महाशिवरात्रि पर्व पर जबलपुर के बैंड, हांथी, घोड़े के साथ राजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की धूमधाम से बारात निकलेगी। भोलेनाथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगें। इसके बाद मंदिर में रतजगा, भजन, चार प्रहर की आरती और विशेष पूजन अनुष्ठानों का दौर चलेगा।

शुक्रवार को मंदिर के पुजारी विपिन बिहारी ने बताया कि परम्परागत भोलेनाथ की बारात शनिवार को शाम चार बजे निकलेगी। मंदिर से निकलकर बारात निमोर्ही अखाड़ा, टैम्पो स्टैंड, जयपुरिया तिराहा से होकर पुराना सीतापुर मार्ग से रामघाट पहुंचेगी। बारात का जगह -जगह भक्तगण स्वागत करेंगे। मंदिर में पूरी रात जागरण का दौर चलेगा। चार प्रहर की महाआरती शाम 7.30 बजे, रात्रि 11 बजे, दो बजे और भोर में सुबह चार बजे होगी।

मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास ने बताया कि मंदिर में जबलपुर की शहनाई गूंजेंगी। रात में नौ से 11 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम रहेगा। विशेष धार्मिक अनुष्ठान चलते रहेंगे। राजाधिराज की बारात के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां जारी है। भक्तजन भोग प्रसाद का वितरण करेंगे। जयपुरिया तिराहे में बुंदेली सेना बारात का स्वागत करेगी। मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत सिंह नें भक्तों से बढ़चढ़कर विशेष पर्व में सहभागिता की अपील की है।

## दबंग के रास्ते पर कब्जा करने पर एसडीएम से गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के गिरधारापुरवा अगरहुण्डा की राजकुमारी पत्नी विनोद पुत्र रज्जन व रानी पत्नी देवीदयाल आदि ने एसडीएम मानिकपुर को लिखे पत्र में कहा कि एक दबंग ने निकलने की आम रास्ता को बन्द कर दिया है। विरोध पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। महिलाओं ने दबंग पर कार्यवाही की मांग की है।

शुक्रवार को मानिकपुर तहसील के गिरधारापुरवा अगरहुण्डा की राजकुमारी पत्नी विनोद पुत्र रज्जन व रानी पत्नी देवीदयाल आदि ने एसडीएम मानिकपुर को लिखे पत्र में कहा कि गाटा संख्या 109/मि रकबा 0.2630 में उनके घर बने हैं। इस नम्बर पर रामसजीवन पुत्र ननकू का भी घर बना है। सभी लोगों के घर के सामने सार्वजनिक दस फुट का रास्ता है। रास्ते में देवीदयाल पुत्र ननकू के घर तक सीसीरोड का निर्माण हो चुका है। शेष कच्चे रास्ते के आगे नाला तक रास्ता है। इस रास्ते में सह खातेदार में से दबंगई के जोर पर रामसजीवन आदि पक्का निर्माण करा लिया है। इससे रास्ते से आना-जाना बन्द हो गया है।

सभी लोगों को रास्ता बन्द होने से भारी परेशानी उठानी पड रही है। सभी सह खातेदारों की सहमति से रास्ता बनाई गई थी। विरोध पर सभी लोगों को दबंग किस्म का व्यक्ति गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। पीडितों ने दबंग व्यक्ति से रास्ता खुलवाने की एसडीएम से गुहार लगाई है। पीडितों ने दबंग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# निखत तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

## जेल से गई पुलिस लाइन, तीन दिन तक चलेगी पूंछताछ



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट जेल में पत्नी से अब्बास अंसारी की अवैध मुलाकात के मामले में निखत तीन दिन और ड्राइवर नियाज पांच दिन चित्रकूट पुलिस रिमांड पर हैं। निखत अंसारी को चित्रकूट पुलिस पूछताछ के लिए जिला जेल रगौली से पुलिस लाइन लेकर गई है। जहां उससे कड़ी पूछताछ की जाएगी। साथ में उसके ड्राइवर से भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस लाइन स्थित गेस्ट हाउस में तीन दिन तक पूंछताछ चलेगी।

शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट लखनऊ में निखत अंसारी की तीन दिन की और उसके ड्राइवर नियाज की पांच दिन की पुलिस कस्टडी मिली है। निखत और नियाज को हिरासत में लेकर पुलिस मिलन कांड के कई राज खोलेगी। निखत और नियाज को हिरासत में लेकर पुलिस दोनों से पुलिस लाइन में पूंछताछ करेगी। निखत के मोबाइल का पुलिस लॉक खुलवायेगी। पुलिस नियाज का मोबाइल बरामद करवाएगी। निखत अंसारी और उसका ड्राइवर नियाज चित्रकूट जेल में बंद है।

निखत अपने पति अब्बास अंसारी को रहस्यमय तरीके से जेल से बाहर निकालना चाहती थी। जेलर से लेकर जेल में सभी छोटे कर्मचारी उसके इशारों पर काम करते थे। अब्बास अंसारी व पत्नी के मिलने की सूचना पर चित्रकूट डीएम-एसपी में छापा मारकर गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय दो मोबाइल और कुछ सऊदी करेंसी भी बरामद की गई थी। पूंछताछ में चित्रकूट जिले में संरक्षण दे रहे लोगों का भी पुलिस पदार्फाश करेगी।

## पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार, कार बरामद

**मिजार्मुराद। क्षेत्र के** रूपापुर गांव के सामने हाईवे पर एक ढाबा के पास से मिजार्मुराद पुलिस ने एक कार से 216 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए चालक को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया।

मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया की बुधवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रूपापुर गांव के सामने मंगल मोछू ढाबा के पास से सफेद रंग के फोर्ड ईको स्पोर्ट कार के अंदर से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए चालक रंजीत ठाकुर निवासी हाउस नम्बर अ-78 नगली डेरी थाना नजफगढ़ दिल्ली को हिरासत में लेकर शराब के बारे में पूछा तो बताया की उक्त शराब हरियाणा से लेकर बिहार जा रहा था चुकी बिहार में शराब प्रतिबंधित है जिसके कारण वहां अच्छी कीमत मिल जाती है। पकड़ी गई 216 बोतल शराब में 106 बोतल स्टैग व 110 बोतल रायल चैलेज रहा जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार बताई गई।वही कार का नम्बर भी फर्जी पाया गया।पुलिस ने चालक के खिलाफ 419, 420, 467, 468, 471 भादवी व 60,63,72 के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया।

## भारतीय मूल के नील मोहन बने यूट्यूब के नए सीईओ

**वाशिंगटन।** भारतीय मेधा ने एक बार फिर अपनी मेधा का परचम लहराते हुए विश्व के सबसे बड़े प्लेटफार्म यू ट्यूब को नया सीईओ दिया है। यूट्यूब ने भारतीय मूल के नील मोहन को नया सीईओ बनाने की घोषणा की है। नील मोहन यूट्यूब में प्रमोट कर यह पद दिया गया है। इससे पहले नील मोहन यूट्यूब के सीपीओ थे। नील मोहन साल 2008 से गूगल के साथ काम कर रहे हैं। वर्ष 2013 में गुगल ने उनको ट्विटर नहीं जाने देने के लिए 544 करोड़ रुपए का बोनस भी दिया था। नील मोहन ट्विटर जाने का पता चलने पर गूगल उन्हें रोकने के लिए बोनस का ऐलान कर तीन साल के लिए कंपनी में रोक लिया था। गूगल द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद नील मोहन काफी चर्चित हो गए थे। सीईओ नील मोहन अपनी पत्नी हेमा सरीम के साथ सैन फ्रांसिस्को में रहते हैं। बता दें कि नील मोहन ने अपने करियर की शुरुआत ग्लोरफाइड टेक्निकल सपोर्ट से की थी।



उस वक्त उनकी सालाना इनकम 60,000 डॉलर थी। ग्लोरफाइड टेक्निकल सपोर्ट के बाद उन्होंने डबल क्लिक को ज्वाइन किया था, जिसे 2008 में गूगल ने खरीद लिया था। इसके बाद से ही नील मोहन गूगल कंपनी का हिस्सा बन गए थे।

## महाशिवरात्रि पर्व मानने काठमांडू पहुंचे पुरी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्व

**काठमांडू।** ओडिशा के पुरी में स्थित गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाशिवरात्रि पर्व में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंच गए हैं। पशुपति क्षेत्र विकास कोष के आमंत्रण पर शंकराचार्य, शिष्यों और सहायकों के साथ दिल्ली से नेपाल एयरलाइंस की उड़ान से यहां पहुंचे हैं। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोष के अधिकारियों और धार्मिक श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। पशुपति क्षेत्र विकास कोष के कार्यकारी निदेशक डॉ घनश्याम खातीवाड़ा के मुताबिक, शंकराचार्य 20 फरवरी तक काठमांडू में रहेंगे। शंकराचार्य सुबह पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने के साथ ही हिंदू धर्म के अनुयायियों को संबोधित करेंगे तथा सोमवार से पशुपति क्षेत्र में शुरू हुए लिंगपुराण में भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वे रविवार को पशुपतिनाथ परिसर स्थित शंकराचार्य मठ में सहभागी भक्तजनों को सम्बोधन करने की ओर दीक्षा देंगे। खातीवाड़ा के मुताबिक, शंकराचार्य का वैदिक गणित से सम्बन्ध रखते वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों, विद्यार्थियों के साथ अन्तरक्रिया करने का कार्यक्रम है। इसके बाद शंकराचार्य सरस्वती जी सोमवार को ही बुद्ध एयर की उड़ान से वाराणसी के लिए रवाना हो जाएंगे।

## नेपाल के दार्चुला इलाके में दो सस्पेंशन ब्रिज का उद्घाटन

**काठमांडू।** नेपाल के दार्चुला जिले के ब्यास ग्रामीण पालिका क्षेत्र में महाकाली नदी पर निर्मित दो सस्पेंशन ब्रिज (झूला पुल) का उद्घाटन किया गया। दार्चुला जिला नेपाल को भारत से जोड़ता है।



ब्यास ग्रामीण पालिका के उपाध्यक्ष विनोद सिंह कुवर ने बताया कि नेपाल और भारत के स्थानीय प्रशासन से बातचीत के बाद उद्घाटन की तारीख तय की गई थी। इसके बाद आज दोनों ब्रिज का उद्घाटन किया गया। हालांकि ब्यास ग्रामीण पालिका के वार्ड-2 मालगांव और वार्ड-4 सनसेरा में नेपाल को भारत से जोड़ने वाले झूला पुल का निर्माण कार्य काफी पहले हो चुका था, लेकिन इसकी औपचारिक शुरुआत नहीं हो सकी थी। इसके कारण स्थानीय लोगों को नदी पार करने के लिए तुइन का सहारा लेना पड़ता था। ग्राम पालिका उपाध्यक्ष कुवर ने बताया कि अब पुल को औपचारिक रूप से खोल दिया गया है और इसे नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। पिछले सप्ताह हुई जिला सुरक्षा समिति की बैठक में पुल की सुरक्षा और संचालन के लिए तुरंत सुनसेरा को जोड़ने वाले मलघट्टे पुल पर नेपाल पुलिस और मालगांव को जोड़ने वाले पुल पर सशस्त्र पुलिस तैनात करने का निर्णय लिया गया।

# तुर्किये में मरने वालों की संख्या 42,000 से अधिक

### भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए यूनाइटेड नेशंस ने एक अरब डॉलर जुटाने की मानवीय अपील की

**सुवा।** तुर्किये और सीरिया में पिछले हफ्ते आए भूकंप के 11 दिन बाद भी मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। यूनाइडेट नेशंस ने तुर्किये के लोगों के लिए एक अरब डॉलर जुटाने के लिए मानवीय अपील की है। इस बीच तुर्की पुलिस ने सोशल मीडिया पर भूकंप के बारे में भड़काऊ पोस्ट साझा करके डर और दहशत पैदा करने के आरोप में 78 लोगों को गिरफ्तार किया है।

अब तक 41 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्की के अधिकारियों ने 35,418 और सीरियाई सरकार ने 5,800 से ज्यादा लोग मारे जाने की पुष्टि की है। दोनों देशों में अब भी राहत ओर बचाव कार्य जारी है। दोनों देशों में दुनियाभर से मदद भेजी जा रही है। इसी बीच तुर्किये की डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी ने बताया है कि बचाव कार्य को पूरा करने में 1 लाख से ज्यादा बचाव कर्मी हिस्सा लेंगे। इसमें अलग-अलग तरह के 5500 वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। अब तक 95 देशों ने तुर्किये को मदद ऑफर की है।



**एक हफ्ते बाद भी जिंदा मिले लोग**

तुर्किये और सीरिया में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी हैं। अब भी लोगों को मलबे के नीचे से निकाला जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि 8 से 9 दिन बाद भी कई लोग जिंदा मिल रहे हैं। तुर्किये के हताय प्रांत में 26 साल की महिला को 201 घंटे बाद बचाया गया। इधर, अदीयमन शहर में 199 घंटे बाद 18 साल के युवक को रेस्क्यू किया गया।

**सीरिया में रेस्क्यू ऑपरेशन छोड़कर वापस लौट रहे कई देश**

कई देश सीरिया बॉर्डर पर रेस्क्यू ऑपरेशन छोड़कर वापस लौट रहे हैं। रविवार को इजराइल ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपनी टीम हतजाला ग्रुप को इमरजेंसी फ्लाइट से वापस बुला लिया। इससे पहले जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने भी अपने बचाव दलों के तुर्किये से निकाल लिया था। दरअसल, इजराइल समेत कई देशों की इंटेलिजेंस एजेंसी को इनपुट मिला है कि तुर्किये बॉर्डर पर अलग-अलग गुटों में हिंसक झड़प होने वाली हैं। जिनसे वहां पहुंचे बचाव कर्मियों की जान को खतरा है। जर्मनी के बचाव दल ने भी बताया कि वहां गोलीबारी हो रही है। वहीं तुर्किये के कहरामनमारस में रविवार देर रात 4.7 की तीव्रता का एक और भूकंप का झटका महसूस किया गया। तुर्किये में 6 फरवरी को आए भूकंप के बाद लगातार आफ्टरशॉक आ रहे हैं जिनसे लोग परेशान हैं।

## बाइडेन बोले- फ्लाइंग ऑब्जेक्ट मार गिराने पर अफसोस नहीं :चीन से कोल्ड वॉर नहीं चाहता, इस बारे में जिनपिंग से बात करूंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को मार गिराने पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने देर रात कहा कि हम चीन के साथ एक नया कोल्ड वॉर नहीं चाहते, लेकिन मुझे पिछले कुछ दिनों में आकाश में उड़ते गुब्बारे मार गिराने के लिए कोई अफसोस नहीं है। देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम आगे भी ऐसे फैसले लेते रहेंगे।

पिछले दिनों अमेरिका के अलास्का, कनाडा, मिशिगन और अमेरिका-कनाडा बॉर्डर में फ्लाइंग ऑब्जेक्ट दिखे थे। चारों जगह इन्हें मार गिराया गया था। इस पर बाइडेन ने कहा कि अभी हम अच्छे से नहीं जानते कि हमने जो तीन संदिग्ध चीजें मार गिराईं, वो क्या थीं। इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वे चीन से भेजे गए स्पाई बैलून थे, या फिर वे किसी अन्य देश ने निगरानी के लिए भेजा था। इंटेलिजेंस कम्युनिटी के पास भी इस बात का कोई संकेत नहीं है। जो बाइडेन ने कहा कि इंटेलिजेंस कम्युनिटी के मुताबिक, इसकी संभावना ज्यादा है कि ये निजी कंपनियों, स्टडी या मौसम की जानकारी लेने के लिए भेजे गए बैलून थे। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करने की उम्मीद करता हूं, जिससे चीजें स्पष्ट हो सकें। हमारे पास कोई सबूत नहीं है कि पिछले कुछ दिनों में आकाश में संदिग्ध चीजों की संख्या बढ़ी है।




**चीन के साथ कोल्ड वॉर नहीं चाहता: बाइडेन**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर कोई चीज देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है तो मैं उसे मार गिराने का आदेश दूंगा। अमेरिका, चीन के साथ नया कोल्ड वॉर नहीं चाहता। हम चीन के साथ बातचीत जारी रखेंगे और इन कथित स्पाई बैलून को लेकर चीनी राष्ट्रपति से बात करेंगे।

**अमेरिका के दावों को चीन ने खारिज किया**

चीन पहले ही अमेरिका के तमाम दावों को खारिज कर चुका है। उसके विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने अमेरिका को पहले ही बता दिया है कि जिस बैलून को वहां की एयरफोर्स ने मार गिराया, वो वास्तव में सिविलियन बैलून था जो गलती से अमेरिका पहुंच गया। इसके जरिए हम वेदर डेटा जुटाते हैं। अमेरिकी सरकार इस मामले पर ओवर रिएक्ट कर रही है।

## अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग, अमेरिकी सांसदों ने चीन की आक्रामकता की निंदा करते हुए पेश किया विधेयक

**वाशिंगटन।** अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की आक्रमक नीति का अमेरिका ने खुलकर विरोध किया है। भारत का पक्ष लेते हुए अमेरिका ने दो टूक कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है। ओरेगन से डेमोक्रेटिक सीनेटर जेफ मर्कले और टेनेसी से रिपब्लिकन सीनेटर बिल हेगर्टी ने सीनेट में एक प्रस्ताव पेश किया, जो भारत गणराज्य के अभिन्न अंग के रूप में एक भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश की संयुक्त राज्य अमेरिका की मान्यता की पुष्टि करता है। यह संकल्प पूर्वी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच हालिया संघर्ष के जवाब में है, जो छह वर्षों में अपने चरनम पर है। कांग्रेस के कार्यकारी आयोग के सह-अध्यक्ष सीनेटर मर्कले के हवाले से कहा कि ये प्रस्ताव स्पष्ट करता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग मानता है। साथ ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) चीन की हरकतों का विरोध भी करता है। ऐसे समय में जब चीन मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करना जारी रखे हुए है, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना महत्वपूर्ण है। यह द्विदलीय प्रस्ताव अरुणाचल प्रदेश राज्य को भारत के अभिन्न अंग के रूप में स्पष्ट रूप से मान्यता देने के लिए सीनेट के समर्थन को व्यक्त करता है, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने के लिए चीन की सैन्य आक्रामकता की निंदा करता है और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और क्वाड को और बढ़ाता है।



## क्या अमेरिका को मिलेगा भारतवंशी प्रेसिडेंट:रिपब्लिकन पार्टी से ट्रम्प विरोधी निक्की हेली दावेदार, विवादों में घिरे बाइडेन की जगह ले सकती हैं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति कैंडिडेट का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इसके लिए दावेदारी जता चुके हैं। ऐसे में ट्रम्प और निक्की के बीच रिपब्लिकन कैंडिडेट बनने के लिए मुकाबला होगा। दूसरी तरफ, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडेन क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट कॉन्ट्रोवर्सी के चलते चुनाव से हट सकते हैं। ऐसे में रूलिंग डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से मौजूदा वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस राष्ट्रपति पद की दावेदार हो सकती हैं।

**निक्की-कमला में मुकाबला हुआ, तो US को मिलेगी पहली लेडी प्रेसिडेंट**

अगर निक्की हैली और कमला हैरिस अपनी-अपनी पार्टी में समर्थन जुटा पाती हैं, तो मुमकिन है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के 191 साल के इतिहास में दोनों दावेदार भारतवंशी हों। निक्की और कमला का मुकाबला होने पर अमेरिका को पहली महिला राष्ट्रपति भी मिल सकती हैं।

**अमेरिका की राजनीति में मंझी हुई नेता हैं निक्की हेली**

निक्की को पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन का करीबी माना जाता है। हिलेरी ही उन्हें सियासत में लाई थीं। राजनीति में आने से पहले निक्की कॉर्पोरेट वर्ल्ड में नाम कमा चुकी थीं। परिवार की कंपनियां चलाने के बाद 1998 में ओरेंजबर्ग काउंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के निदेशक मंडल में शामिल हुईं। 2004 में नेशनल एसोसिएशन ऑफ वुमेन बिजनेस ऑनर की अध्यक्ष बनीं। सामाजिक कार्यों में शामिल होने लगीं। इसी से राजनीति में आने का रास्ता बना। 2004 में निक्की साउथ कैरोलिना की स्टेट रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर चुनी गईं। 2006 के चुनाव में उन्हें निर्विरोध जीत हासिल हुई। 2008 में तीसरी बार निक्की ने ये पद संभाला।



निक्की 2010 और 2014 में साउथ कैरोलिना की गवर्नर बनीं। अमेरिका में सबसे युवा (37 साल) गवर्नर बनने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है।

2017 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन्हें ह में बतौर अमेरिकी ऐंबैस्डर के तौर पर नियुक्त किया। दिसंबर 2018 में निक्की ने पद से इस्तीफा दे दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी से आने वाली कमला अमेरिकी इतिहास में उपराष्ट्रपति बनने वाली पहली महिला और इस पद पर पहुंचने वाली भारतीय मूल की भी पहली महिला हैं। कमला हैरिस हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी और हेस्टिंग्स कॉलेज ऑफ लॉ से ग्रैजुएट हैं। 2010 से 2014 के बीच वह 2 बार कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल रहीं। 2017 से 2021 तक वह अमेरिकी सीनेटर रहीं।

## राष्ट्रपति पर राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता: उप प्रधानमंत्री श्रेष्ठ

**काठमांडू।** उप प्रधानमंत्री और भौतिक बुनियादी ढांचे और परिवहन मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा है कि राष्ट्रपति चुनाव में मुख्य विपक्षी दल को भी विश्वास में लिया जाना चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि चूंकि राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता है, इसलिए मुख्य विपक्ष को भी संबोधित किया जाना चाहिए। ऐसे समय में जब राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन पार्टी यूएमएल और माओवादी केंद्र के बीच अविश्वास बढ़ रहा है, उप प्रधानमंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होना चाहिए। ज्ञातव्य है कि वह माओवादी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली नेही बालुवातार में दो घंटे तक बातचीत की। सुरखेत पहुंचे उपप्रधानमंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि जो राष्ट्रीय सहमति बनी है, सरकार उसे जारी रखे। हमारे नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति बनी है। हमारा मानना है कि राष्ट्रपति का चुनाव करते समय उस स्थिति का समाधान करना उचित है। ऐसे में हमारी राय है कि राष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में यह भी प्रासंगिक है कि मुख्य विपक्षी दलों को विश्वास में लेकर और उन्हें संबोधित करके राष्ट्रीय सहमति के माहौल को मजबूत किया जाए। हमने इससे ज्यादा कुछ नहीं कहा है।

# हिंदी को 2035 तक विश्व भाषा बनाने का लक्ष्य: डॉ. विपिन कुमार

**नांदी (फिजी)।** फिजी के खबूसरत शहर नांदी में 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के दौरान तीन दिन तक देश-विदेश के विद्वानों ने चर्चा की। सम्मेलन में हिस्सा लेने गए विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली के महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि विश्व हिंदी परिषद का लक्ष्य हिंदी को 2035 तक विश्व भाषा बनाने का है। 'हिंदी एवं हम न केवल तकनीकी दृष्टि से, बल्कि भाषा एवं संस्कृति की दृष्टि से भी सर्वकालिक महान देश होंगे। इसमें जितना योगदान मीडिया का होगा, उतना ही योगदान भाषा का भी होगा। बोली जाने वाली भाषाओं में मंदारिन के बाद हिंदी विश्व की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।



उन्होंने कहा हिंदी आज विश्व के लगभग 20 से अधिक देशों में बोली जाती है, इनमें अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, यमन, यूगांडा, न्यूजीलैंड जैसे देश सम्मिलित हैं। भारत की कुल आबादी का लगभग 44 फीसद शुद्ध हिंदी बोलने वाले लोग हैं, अर्थात 53 करोड़ से अधिक लोग शुद्ध हिंदी का प्रयोग करते हैं। बंगाली, मराठी का नंबर उसके बाद आता है।

डॉ. विपिन ने 'न्यू मीडिया' की सकारात्मक भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हिंदी को सशक्त बनाने में न्यू मीडिया अर्थात सोशल मीडिया की अहम भूमिका है। जब हम मीडिया की बात करते हैं तो वह महज न्यूज चैनल नहीं है, वह टेलीविजन, सिनेमा और आजकल का न्यू मीडिया भी है। हिंदी भाषा के विकास में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। मीडिया की इस भूमिका से हिंदी वैश्विक भाषा बन चुकी है। भारत एवं भारत से बाहर हिंदी कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में मीडिया ने महती भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि आजकल बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपना उत्पाद बाजार में स्थापित करने के लिए हिंदी मीडिया का भरपूर इस्तेमाल कर रही हैं। हिंदी में प्रचार का अर्थ है, भारत की 50 फीसदी से ज्यादा जनता तक अपने उत्पाद की पहुंच बनाना। हिंदी अब बाजार की भाषा बन चुकी है।

आज से 20-25 साल बाद हम विश्व की श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था होंगे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# फिजी संग भारतीय रिश्ते फिल्म शोले के गीत 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' जैसे

**नांदी (फिजी)।** फिजी में चल रहा 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन शुक्रवार को समाप्त हो गया। समापन समारोह में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फिजी के राष्ट्रपति की पसंद का जिक्र करते हुए कहा कि फिजी संग भारतीय रिश्ते फिल्म शोले के गीत 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' जैसे हैं।

विश्व हिंदी सम्मेलन के समापन समारोह में भारतीय विदेश मंत्री ने हिंदी और इसके प्रभाव पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने फिजी के राष्ट्रपति विलियम कैटोनिवरे का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह से उनपर हिंदी फिल्मों का असर पड़ा। उनके मुताबिक फिजी के राष्ट्रपति कैटोनिवरे ने उन्हें हिंदी फिल्मों के उन पर पड़े गहरे प्रभाव के बारे में बताया है। फिजी के राष्ट्रपति की पसंदीदा फिल्म शोले है और वे इस फिल्म के गीत 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' को हमेशा याद रखते हैं। इसी तरह दोनों देशों के रिश्ते भी मजबूत दोस्ती और दोस्ती न तोड़ने वाले हैं। विश्व हिंदी सम्मेलन को एक महाकुंभ करार देते हुए कहा कि यहां पूरी दुनिया से हिंदी प्रेमी आए हैं। यह हिंदी के विषय में एक वैश्विक नेटवर्क का मंच बनेगा। उन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषा बनने का लक्ष्य बताते हुए कहा कि इस तरह का सम्मेलन हिंदी से प्यार करने वाले लोगों के आपस में जुड़ने का मंच बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि फिजी सरकार ने फिजी में हिंदी के साथ-साथ तमिल व अन्य भाषाओं की शिक्षा भी शुरू करने पर सहमति दे दी है।



समारोह के बाद ट्वीट कर भारतीय विदेश मंत्री ने लिखा कि दोनों देशों की संस्कृति और परंपरागत विशेषताएं परस्पर सम्मान और सहयोग का मजबूत आधार हैं। फिजी और भारत के साथ-साथ 31 देशों से आए प्रतिभागियों ने भी इस आयोजन को भव्यता प्रदान की। समापन समारोह में विशिष्ट विद्वानों को सम्मानित भी किया गया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में फिजी और भारत के सशक्त सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई दी। समारोह के दौरान विश्व भर से आये 900 से ज्यादा विद्वानों और हिंदी प्रेमियों द्वारा हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। ऐसे आयोजनों से अन्य भारतीय भाषाओं के विस्तार को भी बल मिल रहा है। भारतीय विदेश मंत्री ने समापन समारोह में सहभागिता के लिए फिजी के उपप्रधानमंत्री बिमन प्रसाद का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमन प्रसाद ने कहा कि भारत की तरफ से यहां पर हो रहे सांस्कृतिक मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए हम यहां पर हो रही हिंदी, तमिल आदि शिक्षण की मांग को पूरा करने के लिए हम तैयार हैं। फिजी में हिंदी भाषा का प्रचार और प्रसार पिछले 140 वर्षों से हो रहा है।

# भारत में ट्विटर के दो दफ्तरों पर लगा ताला, घर से काम करेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय सोशल मीडिया साइट ट्विटर ने भारत स्थित दो दफ्तरों को बंद कर दिया। कंपनी ने कर्मचारियों को घर से काम (वर्क फॉर्म होम) करने को कहा है। ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने भारत में कंपनी के तीन में से दो दफ्तरों को बंद करने का निर्देश लिया। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ट्विटर के अधिग्रहण के बाद खर्चों में कटौती के लिए कई अहम बदलाव कर रहे हैं। कंपनी ने इसी के तहत भारत स्थित ट्विटर के तीन में से दो दफ्तर को बंद करने का फैसला किया है। दरअसल मस्क ने ट्विटर को खरीदने के बाद कई बदलाव किए हैं, जिसमें अब ट्विटर ने अपने दिल्ली और मुंबई दफ्तर को बंद करने का फैसला किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल ट्विटर ने भारत में अपने 90 फीसदी यानी लगभग 200 कर्मचारियों को निकाल दिया था। अब कंपनी ने दिल्ली और मुंबई स्थित ऑफिस को बंद करके कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा है। भारत में ट्विटर के तीन ऑफिस दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरू में स्थित हैं। कंपनी के इस फैसले के बाद भारत में ट्विटर का सिर्फ एक ही ऑफिस रह गया है।